महानगर नई दिल्ली रविवार 1 मार्च, 2020, रु. 5.00 (14+4 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

# दिल्ली पुलिस : कोई खबर?




उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगे के ये दो चेहरे हैं जिन्हें दिल्ली पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इनमें से एक (बाएं) आम आदमी पार्टी के निलंबित पार्षद ताहिर हुसैन, जिनके कारखाने की छत से विस्फोटक और ज्वलनशील पदार्थ मिले थे, जबकि (दाएं) शाहरुख ने पुलिस पर पिस्तौल तान दी थी। -दिल्ली दंगे से संबंधित खबरें पेज 3 व 4 पर

### दोहा में तालिबान के साथ शांति समझौते पर दस्तखत

# अफगानिस्तान से 14 माह में लौटेंगे अमेरिकी सैनिक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

बातचीत के लंबे दौर के बाद अमेरिका और अफगान तालिबान के बीच शनिवार को शांति समझौते पर दस्तखत किए गए। कतर की राजधानी दोहा में हुए इस समझौते के घोषणापत्र के मुताबिक, तालिबान अगर समझौते का पालन करता है तो अमेरिका और इसके सहयोगी 14 महीने के भीतर अफगानिस्तान से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लेंगे।

शुरुआती 135 दिनों के भीतर आरंभिक तौर पर अमेरिका और इसके सहयोगी अपने 8,600 सैनिकों को वापस बुला लेंगे। तालिबान ने अलकायदा समेत किसी भी आतंकवादी संगठन को अपने यहां पनाह नहीं देने का वादा किया है। अब अफगानिस्तान सरकार और तालिबान के बीच अफगानिस्तान के भविष्य को लेकर आगे की वार्ता चलेगी। यह अफगान शांति वार्ता 10 मार्च से ओस्लो में शुरू होगी।

यह समझौता कतर के दोहा में हुआ। इस कार्यक्रम का साक्षी बनने के लिए दुनिया भर के 30 देशों के प्रतिनिधियों को भी बुलाया गया जिसमें भारत भी शामिल है। समझौते पर दस्तखत के दौरान मौजूद रहे अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा कि बाकी पेज 8 पर



दोहा में शनिवार को शांति समझौते के लिए जाते हुए अमेरिकी दूत खलीलजाद



*अगर* तालिबान और अफगानिस्तान सरकार अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर पाती है तो हम अफगानिस्तान में युद्ध खत्म करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकेंगे और अपने सैनिकों को घर वापस ला पाएंगे।
*– डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति*

*अफगानिस्तान* में स्थायी शांति के लिए बाहर से प्रायोजित आतंकवाद के खात्मे की जरूरत है। भारत सरकार अफगान नेतृत्व और अफगान नियंत्रण वाली स्थायी एवं समावेशी शांति तथा मेलमिलाप का समर्थन करती है।
*– हर्षवर्धन शृंगला, विदेश सचिव*



### शांति-वार्ता के पड़ाव

**सितंबर 2018 :** चुनाव में किया गया वादा पूरा करने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अफगान-अमेरिकी राजनयिक जल्मए खलीलजाद को तालिबान से वार्ताकार नियुक्त किया।

**2018-19 :** जल्मए ने कई वार्ताएं की। कतर में अधिकांश बैठकें। तालिबान ने काबुल में सत्तारूढ़ सरकार से बातचीत से इनकार किया।

**9 सितंबर, 2019 :** तालिबान ने हमले बढ़ाए। काबुल पर बमबारी में एक अमेरिकी सैनिक के मारे जाने के बाद ट्रंप ने वार्ता रोक दी।

**28 सितंबर, 2019 :** अफगानिस्तान में राष्ट्रपति चुनाव पर नतीजों का एलान महीनों रोका गया।

**24 नवंबर, 2019 :** ट्रंप का अफगानिस्तान में अमेरिकी सैन्य ठिकानों का दौरा और एलान किया कि तालिबान बातचीत चाहता है। संकेत दिया कि कतर वार्ता दोबारा शुरू हो सकती है।

**15 फरवरी, 2020 :** अमेरिका ने कहा कि दोनों पक्ष हिंसा में कमी पर सहमत।

**18 फरवरी, 2020 :** अफगानी चुनाव आयोग ने गनी को आधिकारिक विजेता घोषित किया।

## नागरिकता का आवेदन करने वाले विदेशियों के लिए पासपोर्ट जरूरी नहीं : हाई कोर्ट

कोलकाता, 29 फरवरी (भाषा)।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा कि अगर कोई विदेशी नागरिक अपने मूल देश से वैध पासपोर्ट नहीं होने के संबंध में उचित कारण दे सके तो उसके लिए भारतीय नागरिकता का आवेदन करते समय अपने मूल देश का पासपोर्ट देना अनिवार्य नहीं हो सकता है।न्यायमूर्ति सव्यसाची भट्टाचार्य ने याचिकाकर्ता को नागरिकता नियम 2009 के नियम 11 में अपेक्षित अधिकारी के समक्ष आवेदन करने की अनुमति देते हुए उसकी याचिका का निपटारा कर दिया और कहा कि वह पासपोर्ट अनुपलब्धता से संबंधित सवाल का जवाब संबंधित अधिकारी से मांगे।

अदालत ने कहा कि नागरिकता आवेदन के फॉर्म 'ककक' के खंड नौ में आवेदक के लिए पासपोर्ट को जरूरी बताते हुए कहा गया है कि आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों में वैध विदेशी पासपोर्ट भी होना चाहिए। अदालत ने कहा कि नियम कहता है कि 'जब तक आवेदन फॉर्म में नहीं किया जाए तब तक इस पर कार्रवाई नहीं की जाएगी, ऐसे प्रावधान पासपोर्ट की उपलब्धता को अनिवार्य नहीं बनाते।' अदालत ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता पासपोर्ट नहीं होने की स्थिति में इसका वाजिब कारण बताता है तो ऐसे मामलों में ऐसी आवश्यकता में ढील होनी चाहिए। जब तक ऐसे आवेदकों को थोड़ी छूट नहीं दी जाएगी तब तक भारत में लंबे समय से रह रहे ईमानदार व्यक्ति भी देश की अर्थव्यवस्था और विविध संस्कृति में योगदान करने के बावजूद भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से वंचित रहेंगे।

# सबका भला व न्याय सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी : मोदी

प्रयागराज, 29 फरवरी (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सभी का भला और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है और यही 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का आधार है। उन्होंने यहां सामाजिक अधिकारिता शिविर में कहा कि पहले की सरकारों में दिव्यांगों को बेसहारा छोड़ दिया था, लेकिन राजग सरकार दिव्यांगों और बुजुर्गों की समस्याओं पर पूरा ध्यान दे रही है।

यहां परेड ग्राउंड में दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण बांटने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आपकी एक-एक समस्या के बारे में सोचा और उसे दूर करने का प्रयास किया। पहले की सरकारों के समय इस तरह के महाशिविर गिनती के लगे थे। उन्होंने कहा कि बाकी पेज 8 पर

*हमारी* सरकार ने सुगम्य भारत अभियान चलाकर सैकड़ों सरकारी इमारतों को दिव्यांगों के लिए सुगम्य बनाया। इसी तरह 700 से अधिक रेलवे स्टेशन और हवाईअड्डे दिव्यांगजनों के लिए सुगम बनाए जा चुके हैं।
*–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*



प्रयागराज में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## 'बुंदेलखंड के जनजीवन को बदल देगा एक्सप्रेसवे'

चित्रकूट (उप्र) 29 फरवरी (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बुंदेलखंड को विकास के एक्सप्रेसवे पर ले जाने वाला बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इस क्षेत्र के जनजीवन को बदलने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि करीब 15 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला ए एक्सप्रेसवे यहां रोजगार के कई अवसर लाएगा और यहां के सामान्य जन को बड़े-बड़े शहरों जैसी सुविधा से जोड़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चित्रकूट में करीब 15 हजार करोड़ बाकी पेज 8 पर

# 'सावधानी बरतनी चाहिए थी आदेश जारी करते समय'

नई दिल्ली, 29 फरवरी (भाषा)।

पूर्व प्रधान न्यायाधीश केजी बालकृष्णन ने कहा है कि सरकार को दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश एस मुरलीधर को पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में तबादला करने का 'आधी रात' को आदेश जारी करते हुए 'थोड़ी सावधानी' बरतनी चाहिए थी।

केंद्रीय विधि व न्याय मंत्रालय ने 26 फरवरी को तबादले का आदेश जारी किया। उसी दिन न्यायमूर्ति मुरलीधर की अध्यक्षता वाले पीठ ने कथित घृणा भाषण देने के लिए तीन भाजपा नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में दिल्ली पुलिस की नाकामी को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। सरकार ने कहा कि तबादले का किसी मामले से कुछ लेना-देना नहीं है क्योंकि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पहले ही सिफारिश कर दी थी और न्यायाधीश ने भी अपनी सहमति दी थी। न्यायमूर्ति बाकी पेज 8 पर

### न्यायाधीश मुरलीधर का तबादला



*न्यायाधीश* बालकृष्णन ने कहा, इस तरह से की गई कार्यवाही का लोग कुछ और मतलब निकाल सकते हैं।

### रविवारी
1 मार्च, 2020

**अंतरिक्ष की पुकार**



पहली बार वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष से ऐसे रेडियो संकेत सुने, जो बार-बार आ रहे थे। इस घटना ने आकाशवाणी के मिथ और रहस्य के प्रति उत्सुकता जगाई है। इस बारे में बता रहे हैं प्रमोद भार्गव।

• **कविता**/ सुदर्शन वशिष्ठ • **कहानी**/ दिनेश चमोला 'शैलेश' • **विमर्श**/ राजीव रंजन गिरि • **योग-दर्शन**/ डॉ. वरुण वीर • **शख्सियत**/ रवीन्द्र केलकर • **दाना-पानी**/ मानस मनोहर • **सेहत**/ पूनम मिश्रा

**जरूरी है बच्चों के लिए डिटॉक्स**
• दीप्ति अंगरीश
• **कविता**/ नरेंद्र सिंह 'नीहार'
• **कहानी**/ मोनिका अग्रवाल



## माधुरी कानितकर बनीं थलसेना की पहली लेफ्टिनेंट जनरल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 फरवरी।



मेजर जनरल माधुरी कानितकर ने शनिवार को लेफ्टिनेंट जनरल पद संभाल लिया। थल सेना में लेफ्टिनेंट जनरल बनने वाली वे पहली महिला अधिकारी हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल कानितकर ने नई दिल्ली में डिप्टी चीफ, इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (डीसीआइडीएस), मेडिकल (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के तहत) का कार्यभार संभाला। एक दिन पहले रक्षा मंत्रालय ने माधुरी को पदोन्नति देने को मंजूरी दी थी।

तीन स्टार जनरल रैंक तक पहुंचकर सैन्य बलों में यह कीर्तिमान स्थापित करने वाली वे देश की तीसरी महिला हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली महिला नौसेना की वाइस एडमिरल डॉ. पुनीता अरोड़ा थीं। इसके बाद वायुसेना की महिला एअर मार्शल पद्मावती बंदोपाध्याय को इस पद पर पदोन्नत किया बाकी पेज 8 पर

### झारखंड में आदिवासी समुदाय के लोगों के बीच राष्ट्रपति ने कहा

# समाज पर जबरदस्ती अपने विचार थोपना एक तरह की विकृति

बिशुनपुर, 29 फरवरी (भाषा)।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को यहां कहा कि समाज पर जबरदस्ती अपने विचारों को थोपना एक प्रकार की विकृति है, जबकि भ्रातृत्व भाव पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ता है।

राष्ट्रपति कोविंद ने गुमला के बिशुनपुर गांव में यहां पद्मश्री से सम्मानित अशोक भगत की संस्था विकास भारती में आदिवासी समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में कभी-कभी इस प्रकार की विकृतियां पैदा होती हैं कि जबरदस्ती अपने विचार को थोपने की बात सामने आती है। अपनी बात को गलत समझते हुए भी यह कहना कि यही सही है और अपनी ही बात को सही मानना उचित नहीं है।


उन्होंने कहा कि गांधी जी कहा करते थे कि अगर आपको मेरी बात सही लगती है तो उस बात को अपना लीजिए और फिर यह कहिए कि यह मैंने कही है, यह मत कहिए कि यह गांधी जी ने कहा है, क्योंकि वह बात आपकी हो गई। वह आपके आचरण में आ गया। अगर इस प्रकार हमारा समाज आगे बढ़ेगा तो ही उचित होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि भ्रातृत्व भाव ही पूरे देश को जोड़ता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य होने के नाते हमें बाकी पेज 8 पर



*राष्ट्रपति* ने कहा, गांधी जी कहा करते थे, अगर आपको मेरी बात सही लगती है तो उस बात को अपना लीजिए और फिर यह कहिए कि यह मैंने कही है, यह मत कहिए कि यह गांधी जी ने कहा है, क्योंकि वह बात आपकी हो गई। वह आपके आचरण में आ गया।

### दरअसल




### कोरोना का खौफ

हजारों लोग पिछले महीने चीनी नववर्ष की छुट्टियां मनाने आए थे | एक हजार चीनी नागरिकों ने वीजा बढ़ाने की अर्जी दी

# इंडोनेशिया घूमने आए चीनियों ने लौटने से की तौबा

देन्पसार (इंडोनेशिया), 29 फरवरी (एएफपी)।


इंडोनेशिया के मशहूर पर्यटक द्वीप बाली में छुट्टियां मनाने गए चीन के सैकड़ों पर्यटक स्वदेश लौटने से बच रहे हैं क्योंकि उन्हें चीन से फैले जानलेवा कोरोना वायरस के संक्रमण का भय है।

दुनियाभर में पैर पसार रही इस महामारी के मद्देनजर इंडोनेशिया ने इस महीने चीन से आने और वहां जाने वाली सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है। चीन के मुख्य भूभाग में कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से हजारों लोगों की मौत और सभी शहरों के बंद होने के बाद बाली में आव्रजन अधिकारियों ने बताया कि करीब एक हजार चीनी नागरिकों ने आपात स्थिति में वीजा की अवधि बढ़ाए जाने का आवेदन दिया है।

चीन के एक बड़े शहर में एक यूरोपीय कंपनी में प्रबंधक स्टीव ली ने बाली की राजधानी देन्पसार के एक मॉल में कहा, 'मैं एक अंतरराष्ट्रीय शरणार्थी हूं। चीन एक बड़े जेल की तरह है, सभी शहर बंद हैं।' ली ने कहा कि उन्हें चीन के इस आश्वासन पर भरोसा नहीं है कि देश महामारी पर नियंत्रण पा रहा है।

बाली में हर साल ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के बाद सबसे अधिक चीनी पर्यटक आते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था में लाखों डॉलर का योगदान देते हैं। चीन से हजारों लोग पिछले महीने चंद्र नववर्ष की छुट्टियां मनाने बाली आए थे लेकिन वे अभी लौटना नहीं चाहते हैं। बेजिंग के जिलोंग वांग ने बताया कि वह लौटने की योजना टाल रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि उनकी सरकार ने संक्रमण से मरने वाले लोगों की संख्या कम बताई है।

30 वर्षीय वांग ने कहा, 'इसके बजाय मैं बाली में रहूंगा और स्थिति पर नजर रखूंगा।' चीन के पूर्व झेजियांग प्रांत की रियल एस्टेट एजेंट हीथर वांग जनवरी से बाली में हैं और उनकी स्वदेश लौटने की बाकी पेज 8 पर



कोरोना से बचाव के लिए छिड़काव करने जाते दक्षिण कोरियाई सैनिक।

## वुहान से लाए गए 112 लोगों की जांच नकारात्मक पाई गई

नई दिल्ली, 29 फरवरी (भाषा)।

चीन के वुहान से निकाले जाने के बाद आइटीपीबी पृथक केंद्र में रखे गए सभी 112 लोगों की कोरोना वायरस के लिए जांच रिपोर्ट नकारात्मक पाई गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को बाकी पेज 8 पर

www.readwhere.com

### दंगे के डर से घर लौट गए लोगों को वापस बुलाने की मुख्यमंत्री ने की पहल

# पड़ोसी ही फोन करके बुलाएं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

दंगे का दर्द सह रहे लोगों को उनके पड़ोसी ही फोन करके बुलाएं। इसके लिए दिल्ली सरकार एक बड़ी पहल शुरू करेगी। शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि इससे लोगों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा होगी और उनके अंदर का डर खत्म किया जा सकेगा।

शनिवार को मुख्यमंत्री ने दिल्ली के उत्तर पूर्व दिल्ली में हुए दंगों की स्थिति की समीक्षा में इस बाबत आदेश जारी किए। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली सरकार ने क्षेत्रीय एसडीएम को कहा है कि आस पड़ोस के लोगों को कहें कि वे अपने पड़ोसियों को फोन करके कहें कि घर लौट आएं ताकि लोगों के बीच का डर समाप्त हो सकेगा। हर



परिस्थिति में सब लोग मिलकर रहेंगे। इससे लोगों के बीच सुरक्षा भाव बढ़ेगा और हालात सामान्य होंगे। उन्होंने कहा कि डर की वजह से कोई नहीं आता है तो यह चिंता की बात है। यह सही नहीं है। इससे पूर्व भी दिल्ली वाले दंगा पीड़ितों की मदद के लिए आगे बढ़कर आएं है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारा सबसे पहला मकसद है कि लोगों की जिंदगी सामान्य हो। अब तक हिंसा की कोई नई वारदात नहीं आ रही है। पर इस वजह से लोग अपने घर छोड़कर चले गए हैं और उनका वापस लौटना जरूरी है। सभी लोगों के बीच दोस्ती व भाईचारे का रिश्ता कायम हो। इसके लिए दिल्ली सरकार की तरफ से जो भी सहायता दे सकते हैं। वो हम देने की कोशिश कर रहे हैं।

इस हादसे में लोगों की मदद के लिए मुआवजा देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार के पास अब तक 69 लोगों ने फार्म जमा किए हैं और मुआवजा मांगा है। जल्द ही घोषित मुआवजा राशि जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में 4 सब डिवीजन है। इस समय 18 एसडीएम लगाए गए हैं ताकि वे बेहतर तरीके से काम कर सकें। सभी एसडीएम ने अपने क्षेत्र में जांच की है। उन्हें आदेश दिए गए हैं कि पूरे रिकार्ड तैयार करें कि घरों – दुकानों या वाहनों की कितनी आगजनी हुई है। इसकी विभिन्न स्तर के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाए।

यह रिपोर्ट रविवार तक सामने आएगी। उन्होंने कहा कि सभी जगहों पर एसडीएम खुद घर फार्म लेकर जाएंगे। उन्होंने बताया कि खाने व रहने की कोई दिक्कत नहीं है। जिन लोगों के घर जले हैं वे अपने रिश्तेदारों के घरों में है। रात्रि आश्रय स्थल समुदाय केंद्र में इंतजाम किए गए हैं। इसके अतिरिक्त सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है। कई जगह पर स्ट्रीट लाइट खराब होने की जानकारी मिली थी। इन्हें भी ठीक किया जा रहा है।

## हिंसा फैलाने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो : मनोज तिवारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने शनिवार को मांग की कि हिंसा फैलाने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली हिंसा में पहले आम आदमी पार्टी के पार्षद ताहिर हुसैन का शामिल होना और अब कांग्रेस निगम पार्षद इशरत जहां का नाम सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह इशारा कर रहा है कि 'आप' और कांग्रेस ने मिलकर दिल्ली में हिंसा को भड़काने का काम किया है। उन्होंने बताया कि नागरिकता संशोधन कानून के विरोध प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ भाषण देने के लिए इशरत जहां को 13 जनवरी को भी खजूरी खास इलाके से प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया था लेकिन फिर भी इशरत जहां लगातार हिंसा भड़काने वाले भाषण देती रहीं।

मनोज तिवारी ने कहा कि धर्म विशेष की राजनीति करने वाली आम आदमी पार्टी और



कांग्रेस मिलकर दिल्ली को दंगे की आग में झोंकने की कोशिश की है, जबकि हिंसा के माहौल में ये सभी राजनैतिक पार्टियों की नैतिक जिम्मेदारी थी कि वो ऐसे किसी भी बयानबाजी से बचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व 'आप' ने साबित किया है कि दिल्ली के सुरक्षा और शांति व्यवस्था उनके लिए मायने नहीं रखती है। उन्होंने बताया कि वे लगातार लोगों के संपर्क में हैं और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

## गंगा के लिए अनशनरत पद्मावती की कोई सुनने वाला नहीं : राजेंद्र सिंह

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

'नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित ग्रेटा थनवर्ग और भारत की साध्वी पद्मावती के बीच में कोई असमानता नहीं है' जल पुरुष डॉ राजेंद्र सिंह ने शनिवार को दिल्ली में हुए पत्रकार सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों ही पर्यावरण के लिए आवाज बुलंद कर रही हैं। परंतु एक ओर जहां 16 वर्षीया ग्रेटा थनबर्ग को विश्व सिर आंखों पर बैठा रहा है, वहीं यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 23 वर्षीय पद्मावती की कोई सुनने वाला नहीं है। वह 77 दिनों से गंगा और पर्यावरण की सुरक्षा की मांग को लेकर अनशनरत थीं और आज अस्पताल में जिंदगी व मौत के बीच जंग लड़ रही हैं। इस बीच मातृ सदन के स्वामी शिवानंद ने एम्स पहुंचकर साध्वी पद्मावती से मुलाकात कर उनका हाल जाना।

राजेंद्र सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया का ध्यान पद्मावती के इस संघर्ष की तरफ दिलाना बेहद जरूरी है क्योंकि आज सारी दुनिया पर्यावरण और नदियों के प्रति बहुत सजग और संवेदनशील है। डॉ सिंह ने विश्वास जताया कि जब पूरा विश्व पद्मावती के त्याग के बारे में जानेगा तो उनके समर्थन में उठ खड़ा होगा। डॉ सिंह ने कहा कि 21वीं शताब्दी संकट भरी है, हम अपने साझे भविष्य को आज सुधारने का प्रयास शुरू करे तो हमारी नदियां और हमारे पर्यावरण को ठीक किया जा सकता है। आज इसी बात को लेकर हमारी बहनें ग्रेटा और पद्मावती उठ खड़ी हुई हैं। यह जरूरी है कि भारत सहित सारे विश्व की सरकारें इनकी बातों को सुनें और सकारात्मक होकर इनकी मांगों को पूरा करने व विश्व को बचाने में सब जुट जाएं।

साध्वी पद्मावती गंगा की अविरलता और निर्मलता के लिए अपनी मांग रखते हुए हरिद्वार में 77 दिनों से अनशन कर रहीं थीं।

## डॉक्टरों के सम्मेलन में पर्यावरण सुधार की पहल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की अगुआई में देशभर से आए सामुदायिक चिकित्सकों ने शनिवार को यमुना की सफाई की। चिकित्सकों ने हरित सम्मेलन के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही एम्स में हरित सम्मेलन का आगाज किया। इसका उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने किया। सम्मेलन के जरिए डॉक्टर पर्यावरण सुधार की ओर पहल कर रहे हैं। इसलिए यहां आने वाले हर अतिथि को बस और कार से आने-जाने की सुविधा की जगह मेट्रो कार्ड दिए गए हैं और पीने के लिए तांबे के बोतलों का इंतजाम है। सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉ पुनीत मिश्र और डॉ संजय राय ने जानकारी दी कि योग व पर्यावरण संरक्षण से ही जीवन व दुनिया को बचाया जा सकता है। सामुदायिक स्तर पर तमाम बीमारियां पानी की गंदगी व पर्यावरणीय प्रदूषण से जुड़ी हैं। ऐसे में इंडियन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन के सालाना सम्मेलन में इस बार हमने यह अनूठी पहल की है कि हम बचाव के कदम उठाकर बीमारियों के बोझ को कम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी चिकित्सक यमुना की सफाई व दो लाख पौधारोपण भी करेंगे।

सम्मेलन से जुड़ी हर गतिविधि पर्यावरण अनुकूलन का संदेश देगी। करीब डेढ़ हजार प्रतिभागियों को सम्मेलन में आने के लिए कार या बस की बजाय मेट्रो कार्ड दिया गया है। ताकि हम रोज कम से कम 50 बसों व 100 गाड़ियों का प्रदूषण उत्पन्न होने से रोक सकें। चार दिन में डेढ़ हजार गाड़ियों का बोझ कम होगा।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन के अधीन **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत निम्नलिखित **कर्जदार को नीचे वर्णित मांग सूचना दिनांकों जारी किया था जिसमें निम्नानुसार उल्लेखित राशि उपरोक्तानुसार खाते के आगे वर्णित है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।**
कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 4 उक्त नियमों के (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत **सम्पत्ति का कब्जा नीचे वर्णित दिनांकों को ले लिया है।**
विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और साथ में भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित** के अधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| शाखा का नाम और पता | कर्जदार/गारंटर्स का नाम | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| भंगेल शाखा ईशान टॉवर डीएससी रोड गाँव भंगेल, नोएडा-201304, जिला गौतम बुध नगर (यू.पी.) | मैसर्स अर्नव ट्रेडिंग कं., प्रोपराईटर श्री राजेश कुमार शर्मा (गारंटर) | रिहायशी सम्पत्ति मकान नं. 283, प्रथम तल, सैक्टर-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, यू.पी.-201009 में स्थित, यह सम्पत्ति राजेश कुमार के नाम पर है। | 05-11-2019 / 24-02-2020 | रु. 20,17,557.56 + भविष्य का ब्याज |
| नोएडा मेन शाखा सैक्ट 29, ब्रह्मपुत्र कॉम्पलैक्स नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, यू.पी | श्री कृष्ण नागर और श्रीमती सीता नागर | फ्लैट नं. 2एल 404, डिलक्स् AWHO गुरजिंदर विहार, पॉकेट 05, सैक्टर-सीएसआई 1, ग्रेटर नोएडा में स्थित | 22-11-2019 / 24-02-2020 | रु. 19,87,219/- + भविष्य का ब्याज |

दिनांक : 24.02.2020, प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया


## सातवें वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर करे यूजीसी : एनडीटीएफ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एनडीटीएफ) के पूर्व अध्यक्ष व दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. एके भागी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर सातवें वेतन आयोग की विसंगतियों और सेवा शर्तों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने की मांग की है।

यूजीसी अध्यक्ष को लिखे इस पत्र में तत्काल हस्तक्षेप कर समाधान करने का आग्रह किया है। डॉ. भागी ने पत्र में यूजीसी रेगुलेशन 2018 के अनुसार दिल्ली विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में वरिष्ठ प्रोफेसर एवं प्रोफेसर पद तुरंत लागू करने की बात की है। उन्होंने हजारों शिक्षकों के लंबित प्रमोशन के मामलों में यूजीसी सर्विस कंडीशन के तहत शिक्षकों की प्रमोशन प्रक्रिया विश्वविद्यालय में तुरंत शुरू करने का आग्रह भी किया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद के सदस्य डॉ. वी.एस नेगी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के आरक्षण के कारण बढ़ी हुई सीटों के लिए अतिरिक्त शिक्षक पद को तत्काल प्रभाव से मंजूरी देने का आग्रह यूजीसी के अध्यक्ष से किया है। उन्होंने इस विषय में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए तुरंत कार्रवाई की मांग की है।





**प्रपत्र जी–**
**रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमन्त्रण**

[ऋण शोध अक्षमता तथा दिवालिया (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए(1) के अधीन]

| | सुसंगत विशिष्टियाँ | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | वॉल रॉक इन्फ्राहोम प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 19.08.2014 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U70109DL2014PTC270537 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | पंजीकृत कार्यालय, 301, नीलकण्ठ चैम्बर-II, प्लॉट सं. V, लोकल शॉपिंग कॉम्पलेक्स, सैनी एन्कलेव, दिल्ली-110092 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | 17.12.2019 (आईआरपी को आदेश की प्रति 07.01.2020 को उपलब्ध करायी गयी) |
| 7. | रुचि की अभिव्यक्ति के आमन्त्रण की तिथि | 01.03.2020 |
| 8. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों की पात्रता उपलब्ध है: | vijaykumargupta.ip@gmail.com पर निवेदन भेजकर समाधान प्रोफेशन से निवेदन द्वारा उपलब्ध |
| 9. | धारा 29ए के तहत प्रयोज्य अपात्रता के मानदण्ड उपलब्ध हैं: | ऋण शोध अक्षमता तथा दिवालिया संहिता, 2016 की धारा 29ए एवं उसके अन्य प्रावधानों के अनुसार। आईबीबीआई की वेबसाइट https://lbbl.gov.in/legal-framework/act पर उपलब्ध |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 16.03.2020 |
| 11. | सम्भावित समाधान आवेदकों की अस्थायी सूची निर्गत होने की तिथि | 26.03.2020 |
| 12. | अस्थायी सूची की आपत्तियाँ जमा करने की अन्तिम तिथि | 31.03.2020 |
| 13. | सम्भावित समाधान आवेदकों की अन्तिम सूची निर्गत होने की तिथि | 10.04.2020 |
| 14. | सम्भावित समाधान आवेदकों हेतु सूचना ज्ञापन पत्र, मूल्यांकन आव्यूह तथा निवेदन के निर्गमन की तिथि | 31.03.2020 |
| 15. | समाधान योजना, मूल्यांकन आव्यूह, सूचना ज्ञापन पत्र तथा अधिक सूचना हेतु निवेदन प्राप्ति की रीति | सम्भावित समाधान आवेदक जो न्यूनतम पात्रता शर्तें पूरी करते हैं और जिन्हें ऋण शोध अक्षमता तथा दिवालिया संहिता, 2016 की धारा 29 के तहत गैर-प्रकटन अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किया है, उन्हें ई-मेल द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 16. | समाधान योजनाओं के जमा होने की अन्तिम तिथि | 30.04.2020 |
| 17. | समाधान प्रोफेशनल हेतु समाधान योजना जमा करने की रीति | इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में vijaykumargupta.ip@gmail.com के पास। |
| 18. | अनुमोदन हेतु निर्णायक प्राधिकरण के पास समाधान जमा करने की सम्भावित तिथि | 30.05.2020 |
| 19. | समाधान प्रोफेशनल का नाम तथा पंजीकरण संख्या | विजय कुमार गुप्ता IBBI/IPA-001/IP-P00262/2017-18/10500 |
| 20. | बोर्ड के साथ पंजीकृत के अनुसार समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता तथा ई-मेल | विजय कुमार गुप्ता, 408, न्यू दिल्ली हाउस, 27, बाराखम्भा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 ई-मेल : vkgupta2004@yahoo.co.in |
| 21. | समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार हेतु प्रयुक्त होने वाला पता तथा ई-मेल | केवीजी इन्सॉल्वेंसी एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, 405, न्यू दिल्ली हाउस, 27, बाराखम्भा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 ई-मेल : vljaykumargupta.ip@gmail.com |
| 22. | अधिक विवरण अग्रलिखित पर या इसके साथ उपलब्ध है | अधिक विवरण के लिए vijaykumargupta.ip@gmail.com पर मेल करें। |
| 23. | प्रपत्र जी के प्रकाशन की तिथि | 01.03.2020 |

**विजय कुमार गुप्ता**
वॉल रॉक इन्फ्राहोम प्राइवेट लिमिटेड के मामले में अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल
IBBI/IPA-001/IP-P00262/2017-18/10500
तिथि : 29.02.2020
स्थान : नई दिल्ली



**इण्डिया एसएमई एसेट रीकंस्ट्रक्शन कम्पनी लि.** isarc
**[CIN: U671190MH2008PLC181062]**
स्वावलम्बन भवन, सी-11, 'जी' ब्लॉक, 3रा तल बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
टेली: 022-67531334, ई-मेल : isarc@isarc.in

**परिशिष्ट IV**
**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 का नियम 8(1) देखें**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जैसा कि, एसाइन्मेन्ट अनुबंध तिथि 18.01.2018 के माध्यम से "आईएसएआरसी एसआईडीबीआई 111/2017-18 ट्रस्ट" के ट्रस्टी की उसकी हैसियत में कार्यरत इंडिया एसएमई एसेट्स रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड (यहां के बाद "आईएसएआरसी" वर्णित) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने मूल लेण्डर स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेन्ट बैंक ऑफ इंडिया (एसआईडीबीआई) से अधोलिखित प्रतिभूतियों के साथ प्रतिभूति ऋण अर्जित किया है। प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (यहां के बाद "सरफैसी अधिनियम, 2002 वर्णित) की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एसआईडीबीआई के प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना तिथि 18.9.2013 जारी कर मै. ब्योम एण्टरप्राईजेज (यहां के बाद ऋणधारक वर्णित) तथा श्री कैलाश चन्द शर्मा, श्री शिखर शर्मा, श्रीमती सुनीता शर्मा (यहां के बाद गारंटर/मार्टगैजर वर्णित) को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि 05.09.2013 को रु. 38,26,622.76 (रुपए अड़तीस लाख छब्बीस हजार छह सौ बाईस मात्र) के साथ उस पर आगे का ब्याज तथा अन्य लागत वापस लौटाने का निर्देश दिया था। ऋणधारक/ गारन्टर/ मार्टगैजर इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/ गारन्टर/ मार्टगैजर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आईएसएआरसी (आईएसएआरसी एसआईडीबीआई 111/2017-18 ट्रस्ट के प्रतिभूत क्रेडीटर) के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने प्राधिकृत अधिकारी की हैसियत से 28 फरवरी, 2020 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम के साथ पठित सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से ऋणधारकों/ गारन्टरों/ मार्टगैजरों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय उस पर आगे के ब्याज तथा अन्य लागतों के साथ 5.9.2013 को रु. 38,26,622.76 (रुपए अड़तीस लाख छब्बीस हजार छह सौ बाईस तथा पैसे छिहत्तर मात्र) के लिए मै. इंडिया एसएमई एसेट्स रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लि. (आईएसएआरसी) के चार्ज के अधीन होगा।
ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपब्लध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

***अचल सम्पत्ति का विवरण***

खसरा नं. 2699/1/2-6-0, बाग रिसलदार, खवेशज्ञान, खुर्जा में स्थित भूमि माप 1701 वर्ग यार्ड्स (15 बिसवा पुख्ता) का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः हॉरिजन क्वार्टर, पूर्वः रोड, पश्चिमः जीवन दास की सम्पत्ति, दक्षिणः सहादुल्लाह एवं आलमउद्दीन की फैक्ट्री। तथा उसके साथ उस पर सभी बिल्डिंग एवं संरचना, वहां की भूमि से जुड़ी स्थाई रूप से फिटिंग एवं फिक्चर।

(श्री अभय कुमार सिंह)
स्थानः खुर्जा प्राधिकृत अधिकारी
तिथिः 28 जनवरी, 2020 इंडिया एसएमई एसेट रीकन्स्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड





www.readwhere.com

| मौसम | | | | |
|---|---|---|---|---|
| *तापमान* | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
| अधिकतम | 27.3 डि.से. | 27.3 डि.से. | 27.0 डि.से. | 27.5 डि.से. |
| न्यूनतम | 16.2 डि.से. | 16.2 डि.से. | 16.2 डि.से. | 16.2 डि.से. |



# अब्बू मैं स्कूल कब जाऊंगा...

## दंगे से सहमे बच्चों का दर्द

मीना
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

'अब्बू मैं स्कूल कब जाऊंगा। एग्जाम हैं। अब्बू आप इतने दिनों से छुट्टी पर कैसे हो, क्या बात है आप क्लीनिक पर नहीं जा रहे हो...' ये सवाल अपने अब्बू से पांच साल के अब्दुल आहद के हैं। अब्दुल के पिता डॉक्टर शहजाद का चांद बाग में फिजियोथेरेपी का क्लीनिक है। वे बताते हैं कि उत्तर पूर्वी दिल्ली में जिस तरह की हिंसा की गई उसके बाद बच्चे क्या हम खुद भी बाहर निकलने में सहजता महसूस नहीं कर रहे हैं। आहद प्ले स्कूल में पढ़ता है। ऐसे हिंसा के माहौल में उसे हम बाहर भी नहीं निकलने दे रहे हैं। अब स्थिति थोड़ी सामान्य हो रही है लेकिन इस दहशत का असर बच्चों के मन पर बहुत गहरा पड़ा है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा के बाद वहां रहने वाले बच्चों के मन पर डर की गहरी छाप छूटी है। 23, 24 और 25 फरवरी को हुई हिंसा के दिन कोई बच्चा स्कूल में था तो कोई बाजार में और कोई घर पर।

> ***उत्तर*** पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा के बाद बच्चों के मन में डर
> ***पढ़ाई*** में एकाग्रता नहीं ला पा रहे बच्चे, अमन की दरकार

**भीड़ डंडे लेकर आ रही थी**

मौजपुर में रहने वाली नौ साल की डेजी बताती हैं कि उस दिन दोपहर को मैं अपनी मम्मी के साथ बेकरी की दुकान पर जा रही थी। तभी देखा कि सामने से एक भीड़ डंडे और गुलेल लिए आ रही है। मम्मी और मैं जल्दी से घर की तरफ भागे। मैं बहुत डर गई थी। लोग एक दूसरे पर पत्थर फेंक रहे थे। वो सब कुछ मेरे दिमाग में बार-बार घूमता रहता है। अब बाहर जाने में भी डर लगता है। बार-बार ऐसा लगता है कि जैसे वो लोग फिर से डंडे लेकर मेरी तरफ आ रहे हैं। डरी सी आवाज में डेजी बोलती हैं कि जब बाद में पुलिस आ गई तो थोड़ा सुकून मिला। नौ साल की अजरा मंसूरी अपनी अम्मी के साथ ट्यूशन से वापस आ रहीं थीं। माहौल के बारे में पूछने पर अजरा कुछ जवाब नहीं देतीं और अपनी


एक तस्वीर मायूसी की। फोटो : अरुष चोपड़ा

अम्मी से चिपक जाती हैं। अजरा की अम्मी अफरोज कहती हैं कि यहां जो हुआ उसके बाद सभी घबराए हुए हैं।

**पढ़ाई पर ध्यान नहीं लगा पा रहे बच्चे**

छठी कक्षा का छात्र अभिसार यमुना विहार में रहता है। उन्होंने बताया कि हमारा परीक्षाओं का समय चल रहा है। ऐसे में ऐसी घटनाएं दुखी करती हैं। मैं पढ़ाई पर ध्यान नहीं लगा पा रहा हूं। उस दिन आसमान में चारों तरफ काला धुआं था। पढ़ते समय वो शोर, धुआं सब मन में उठने लगता है। और डर लगता है। जब से हिंसा हुई है तब से बाहर खेलने भी नहीं जा पा रहा हूं। तो वहीं, मो दानिश खजूरी खास के सरकारी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ते हैं। वे बताते हैं कि स्कूल तो अभी बंद हैं लेकिन चिंता इस बात की है कि जो पेपर के लिए पढ़ा था वो सब भूल भी गए और अब दोबारा पढ़ना पड़ेगा। हिंसा की जो तस्वीरें टीवी पर देखीं उससे मन में खौफ है, और पढ़ने के लिए एकाग्रता नहीं ला पा रहा हूं। दानिश कहते हैं कि मन में बुरे ख्याल आते हैं और लगता है कि जब स्कूल जाऊंगा तो कहीं रास्ते में कोई पकड़ न ले, पता नहीं छोड़ेंगे या नहीं। अब लड़ाई झगड़े से बहुत डर लगने लगा है। हम अमन और शांति चाहते हैं। न्यू जाफराबाद में रहने वाले चौदह साल के वागीश का कहना है कि हमें टीवी से पता चला कि दंगा हो गया है। उसके बाद हम सब घबराए हुए बैठे रहे और चिंता हो रही थी कि कहीं कोई हमारे भी घर पर पत्थर ना फेंक दे या जला न दे। अभी भी पूरा परिवार रात में सोते नहीं हैं। डर है कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाए।

## गोली मारो के नारे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

दिल्ली में हुई हिंसा के बाद शनिवार को कुछ लोगों ने मेट्रो में प्रदर्शन व हंगामा करने की कोशिश की। दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर एक ट्रेन में और राजीव चौक स्टेशन पर कुछ युवाओं ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में नारे लगाए। इस पर कुछ लोग इसके समर्थन में तो कुछ इसके विरोध में बोलने लगे। प्रदर्शनकारियों ने भड़काऊ नारे भी लगाए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवकों को नारेबाजी करते देख भीड़ जमा होने लगी। इस बीच सीआइएसएफ ने मौके पर पहुंच कर युवकों को हिरासत में लेकर दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया। उन्होंने बताया कि पांच से छह व्यक्तियों ने उस समय नारेबाजी शुरू की जब ट्रेन स्टेशन पर रुकने ही वाली थी। ट्रेन से उतरने के बाद भी इन लोगों ने सीएए के समर्थन में नारे लगाए। सीआइएसएफ के जवानों ने प्रदर्शन कर रहे व्यक्तियों को रोका और उन्हें दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उपायुक्त (मेट्रो) विक्रम पोरवाल ने कहा कि हमने छह लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

## मिश्रा का शांति मार्च

नई दिल्ली, 29 फरवरी (भाषा)।

उत्तर पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक दंगों से पहले कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए आलोचना का सामना कर रहे भाजपा नेता कपिल मिश्रा और हिंसा के शिकार कुछ पीड़ितों के परिवारों ने शनिवार को कनॉट प्लेस में 'जिहादी आतंकवाद' के खिलाफ शांति मार्च निकाला। इस दौरान कुछ लोगों ने 'देश के गद्दारों को गोली मारो...' के नारे लगाए। 'दिल्ली पीस फोरम' ने मार्च का आयोजन किया था।

जंतर-मंतर से संसद मार्ग थाने तक शनिवार को निकाले गए 'शांति मार्च' के दौरान मिश्रा ने न तो नारेबाजी की और न ही सभा को संबोधित किया। जंतर-मंतर पर सैकड़ों की संख्या में जुटे लोगों के हाथ में तिरंगा था और हवा में जय श्री राम, भारत माता की जय के नारे गूंज रहे थे। मार्च के आयोजकों ने हिंसा के दौरान मारे गए हेड कांस्टेबल रतन लाल और आइबी के कर्मचारी अंकित शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। हिंसा में अब तक 42 लोगों की जान जा चुकी है।

## जनजीवन धीरे-धीरे हो रहा सामान्य

नई दिल्ली, 29 फरवरी (भाषा)।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दंगाग्रस्त इलाकों में शनिवार को स्थिति शांतिपूर्ण रही। इन क्षेत्रों में अब जनजीवन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। सुरक्षाकर्मियों की व्यापक गश्त के बीच खुली कुछ दुकानों से किराने का सामान और दवाएं खरीदने के लिए लोग अपने घरों से बाहर निकले।

स्थानीय निवासी इस सप्ताह की शुरुआत में इलाके में हुए सांप्रदायिक दंगों में पहुंचे नुकसान से धीरे-धीरे उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद, मौजपुर, बाबरपुर, चांदबाग, मुस्तफाबाद, भजनपुरा, शिव विहार, यमुना विहार इलाकों में हिंसा में 42 लोगों की मौत हुई है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हिंसा के दौरान संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है।

## हिंसा के बाद दिल्ली


उत्तर पूर्वी दिल्ली के पुराने मुस्तफाबाद स्थित अस्पताल में दंगा पीड़ित लोगों को भोजन परोसता एक युवक।

## एक-एक माह का वेतन देंगे प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली।** दंगों में मारे गए पुलिसकर्मी व आइबी अधिकारी को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा के सांसद प्रवेश साहिब सिंह एक- एक माह का वेतन देंगे। शनिवार को सांसद ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा के दौरान अपना कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल रतन लाल और आइबी ऑफिसर अंकित शर्मा शहीद हुए हैं। इनके परिवार को बतौर सांसद मिलने वाला एक - एक माह का वेतन समर्पित करता हूं। इससे पूर्व प्रवेश साहिब सिंह अपने विवादित बयानबाजी को लेकर चर्चा में थे। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट ने हिंसा के संबंध में वर्मा समेत भाजपा के तीन नेताओं के कथित घृणा भाषणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में पुलिस को सचेत फैसला लेने का निर्देश दिया। **( जसं )**

## संस्कृतिकर्मियों ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** देशभर के 445 लेखकों, कलाकारों और संस्कृतिकर्मियों ने उत्तरपूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा पर गहरी चिंता जताते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से अपने स्तर पर इसकी जांच कराए जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि दिल्ली में इस वक्त जिस तरह सांप्रदायिक हिंसा भड़की है, उसमें जान-माल का जो नुकसान हुआ है और उससे देश की राजधानी के जो हालात बन गए हैं उससे हम लेखक स्तब्ध और चिंतित हैं। जनता ने आपको आपकी सरकार के काम के अलावा इसलिए भी चुना क्योंकि जनता शांति और अमन-चैन चाहती है। साहित्यकार व पत्रकार राकेश तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री से अपील की गई है कि वे दबाव डालें और अपनी ओर से भी कोई ठोस कदम उठाएं। पत्र में उम्मीद जताई गई है कि मुख्यमंत्री दिल्ली को सांप्रदायिकता और नफरत की आग में जलने से बचाने के लिए अपनी चुप्पी तोड़ते हुए पूरी शक्ति लगा कर प्रयास करेंगे। पत्र में यह भी कहा गया है कि दिल्ली सरकार को अपनी ओर से इस पूरे घटनाक्रम की जांच करानी चाहिए। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में ममता कालिया, नासिरा शर्मा, मुरली मनोहर प्रसाद सिंह, मदन कश्यप सहित 400 से ज्यादा लेखक, कलाकार, फिल्मकार, रंगकर्मी, संस्कृतिकर्मी और अन्य प्रबुद्ध नागरिक शामिल हैं। **( जसं )**

## उत्तर पूर्व दिल्ली के स्कूल बंद, परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** दंगों के डर की वजह से दिल्ली सरकार ने उत्तर पूर्व दिल्ली के स्कूलों को सात मार्च तक बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। इस वजह से उत्तर पूर्व में सात मार्च तक होने वाली वार्षिक परीक्षाओं को भी स्थगित कर दिया गया है। ये आदेश उत्तर पूर्व दिल्ली के सभी निजी व सरकारी स्कूलों पर लागू होंगे। आदेश अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (स्कूल व परीक्षा ) डॉ. सरोज सिंह ने जारी किए हैं। अब ताजा आदेशों के बाद स्कूल सात मार्च तक बंद रहेंगे और इसके बाद ही परीक्षा की तारीखें भी तय की जाएंगी। ये आदेश सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, निजी व निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होंगे। सरकार की पूर्व अनुमति के बाद ये आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों की प्रति सचिव शिक्षा विभाग, निदेशक शिक्षा विभाग समेत संबंधित अधिकारियों को भेजी गई है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली सरकार ने स्कूल प्रबंधन समिति के लोगों के साथ बैठक की। इस बैठक में सामने आया है कि अभी बच्चों के बीच काफी डर है। इसलिए सभी परीक्षाओं को 7 मार्च तक के लिए आगे बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त दिल्ली सरकारा सीबीएसई से भी सिफारिश करेगी कि इस जिले में परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाने पर विचार करे। **( जसं )**

## सतेंद्र जैन ने घायलों का लिया हालचाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन उत्तर पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक हिंसा में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए शनिवार को जीटीबी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल जाना और उन्हे हरसंभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत अब स्थिर है। पूर्वोत्तर दिल्ली के जाफराबाद, मौजपुर, बाबरपुर, चांदबाग, शिव विहार, भजनपुरा और यमुना विहार के इलाकों में हिंसा में 42 लोगों की मौत हुई है और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ज्यादातर घायल जीटीबी अस्पताल में भर्ती हैं। उनसे मिलने के बाद जैन ने कहा कि मैं यहां घायलों से मिलने आया हूं। यहां कुल 45 मरीजों का इलाज चल रहा है। उनकी हालत अब स्थिर है और सरकार की घोषणा के मुताबिक उन्हें मुआवजा दिया जाएगा। **( जसं )**

## शवगृह के चक्कर लगा रहे परिजन

**नई दिल्ली।** दंगों में लापता लोगों के परिजन अपने प्रियजनों के बारे में कोई खबर नहीं मिलने से हताश हैं और उनका दुख बढ़ता जा रहा है। बेटे की तलाश कर रहे अफरोज (52) का कहना है कि वह अपने परिवार के सवालों के जवाब नहीं दे पा रहे हैं। मदीना (48) मंगलवार से लापता अपने बेटे को ढूंढ़ रही हैं। थक-हारकर वह जीटीबी अस्पताल के शवगृह में अपने बेटे का शव ढूंढ़ने पहुंचीं। उन्होंने कहा-मैं कई पुलिस थानों में जा चुकी हूं। उसका कोई पता नहीं चल रहा है। बिजनौर के मोहम्मद कादिर भी अपने 18 साल के भाई आफताब की तलाश में बुधवार से जीटीबी अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा-वह उस दिन अपने दोस्तों से मिलने गया था। उसके दोस्तों ने मुझे बताया कि उनपर एक भीड़ ने हमला किया था। बाकी सब भाग गए। उसे बुरी तरह से पीटा गया। **( जसं )**

## दिल्ली में शांति बहाल करना हमारी प्राथमिकता : एसएन श्रीवास्तव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

कार्यवाहक दिल्ली पुलिस आयुक्त एस एन श्रीवास्तव ने शनिवार को अतिरिक्त प्रभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा कि दंगे में प्राथमिकियां दर्ज हुई हैं और आरोपियों की पहचान भी की है। कानून अपना काम करेगा।

वांछितों की गिरफ्तारियां जल्द होंगी। श्रीवास्तव 1985 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं और उन्हें उत्तर पूर्वी दिल्ली में सांप्रदायिक हिंसा पर लगाम लगाने के लिए इसी हफ्ते दिल्ली पुलिस का विशेष आयुक्त (कानून-व्यवस्था) नियुक्त किया गया था। अमूल्य पटनायक की सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें प्रभार सौंपा गया था जो रविवार से प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि-लोगों तक पहुंचने के लिए व्यापक कार्यक्रम शुरू किया है और विश्वास बहाली के लिए हर समुदाय के लोगों से मिलकर उनसे बात कर रहे हैं। हम इनमें शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज करेंगे। पुलिस के मुताबिक, हिंसक गतिविधियां पूरी तरह काबू में हैं। अब तक 167 प्राथमिकी दर्ज की जी चुकी हैं। और 885 लोग या तो गिरफ्तार किए गए या हिरासत में लिए गए। कुछ लोग फरार हैं जिनके लिए टीमें लगाई गई हैं। आयुध अधिनियम के तहत 36 मामले दर्ज किए गए हैं।

## कार चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद

**नई दिल्ली।** हरि नगर थाना क्षेत्र में एक शख्स की कार चोरी हो गई है। पीड़ित अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए गए थे, तभी चोरों ने उनकी कार पर हाथ साफ कर लिया। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित रोहित सहगल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। रोहित अपने परिवार के साथ बी ब्लॉक हरि नगर जनकपुरी अपने रिश्तेदार के घर गए थे। पीड़ित ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी की फुटेज पुलिस को दे दी है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर तलाश में जुटी है। **( जसं )**

**ऐक्सिस बैंक** — **अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

रिटेल एसेट्स सेंटर : प्रथम तल, जी-4/5, बी, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ-226010
कारपोरेट आफिस : तृतीय तल, ब्लाक-बी, बाम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउण्ड, पाण्डुरंग बुधाकर मार्ग, वर्ली मुम्बई-400 025
रजिस्टर्ड आफिस : 'त्रिशूल', तृतीय तल, समराथेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380 006

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

आम लोगों को विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जैसा है जहॉ है" और "जो कुछ भी है के आधार पर"** बेचा जाएगा **मेसर्स बालाजी ट्रैक्टर्स, द्वारा प्रोपाइटर श्री राज पुत्र श्री स्वरूप राम (ऋणी)** एवं **श्रीमती मंजू (जमानतकर्ता), श्री अमजद (जमानतकर्ता), श्री सलाउद्दीन (जमानतकर्ता)** से प्रतिभूत लेनदार की **रूपये 97,52,170.00** देय दिनांक **30.09.2015** की बकाया राशि की वसूली हेतु **दिनांक 20.03.2020 को पूर्वान्ह 11:00 बजे (निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 19.03.2020 को अपरान्ह 5:00 बजे तक)** को बेचा जायेगा। **सम्पत्ति सं0 1 की** आरक्षित मूल्य **29,07,497.00 रूपये** होगा और अग्रिम धनराशि **2,90,750.00 रूपये** होगी। **सम्पत्ति सं0 2 की** आरक्षित मूल्य **18,02,625.00 रूपये** होगा और अग्रिम धनराशि **1,80,262.50 रूपये** होगी। **सम्पत्ति सं0 3 की** आरक्षित मूल्य **20,68,700.00 रूपये** होगा और अग्रिम धनराशि **2,06,870.00 रूपये** होगी। **सम्पत्ति सं0 4 की** आरक्षित मूल्य **13,20,000.00 रूपये** होगा और अग्रिम धनराशि **1,32,000.00 रूपये** होगी। सामूहिक सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य **80,98,822.00 रूपये** होगा और अग्रिम धनराशि **8,09,882.00 रूपये** होगी।

| खाता संख्या | स्थान/ अचल सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति पर बैंक की जानकारी में कोई भार |
|---|---|---|
| 912030057679067 | (1) खसरा नम्बर 1034/5 (प्लाट नम्बर 43, 44, 47 एवं 48), मौजा शेरगढ़ (विकास शील नई आबादी) कोसीकलां, तहसील छत्ता, जिला मथुरा (उ0प्र0), **मालिकाना श्रीमती मंजू पत्नी श्री राज, क्षेत्रफल-371.56 वर्ग मी0** **चौहद्दी : पूर्व** : सड़क 25 फुट, **पश्चिम**: सड़क 20 फुट, **उत्तर**: मी0 हाकिम की भूमि, **दक्षिण**: सड़क 25 फुट. | नहीं |
| | (2) खसरा नम्बर 210 (प्लाट नम्बर 7 एवं 12), मौजा छत्ता, सर छोटूराम कालोनी, होली वाली बगीची, पिगॉंव रोड, छत्ता, तहसील छत्ता, जिला मथुरा (उ0प्र0), **मालिकाना श्रीमती मंजू पत्नी श्री राज, क्षेत्रफल-209 वर्ग मी0** **चौहद्दी : पूर्व** : प्लाट किशन सिंह एडवोकेट, **पश्चिम**: अजय सिंह एवं अन्य की भूमि, **उत्तर**: सड़क 18 फुट, **दक्षिण**: सड़क 18 फुट. | |
| | (3) खसरा नम्बर 1189, मौजा कोसीकलां, तहसील छत्ता, जिला मथुरा (उ0प्र0), **मालिकाना श्री अमजद पुत्र श्री सोरू, क्षेत्रफल-209 वर्ग मी0** **चौहद्दी : पूर्व** : सड़क 12 फुट, **पश्चिम**: विक्रेता की भूमि (अकबर), **उत्तर**: विक्रेता की भूमि (अकबर), **दक्षिण**: सड़क 12 फुट, | |
| | (4) खसरा नम्बर 1189, मौजा कोसीकलां, तहसील छत्ता, जिला मथुरा (उ0प्र0), **मालिकाना श्री सलाउद्दीन पुत्र श्री हैदर अली, क्षेत्रफल-105 वर्ग मी0** **चौहद्दी : पूर्व** : अमजद की भूमि, **पश्चिम**: सड़क 15 फुट, **उत्तर**: विक्रेता की भूमि (अकबर), **दक्षिण**: सखी बाई का प्लाट | |

विक्रय के निबन्धन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गये वेबसाइट **https://www.axisbank.com/auction-notices/** पर क्लिक करें।

दिनांक : 01.03.2020 (प्रा0 अधिकारी)
स्थान : लखनऊ एक्सिस बैंक लि0

## सोशल मीडिया के संदेशों पर निगरानी बढ़ाएगी सरकार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

दिल्ली में हो रहे दंगों की एक वजह सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे संदेश हैं। जल्द ही दिल्ली सरकार इन संदेशों पर निगरानी बढ़ाएगी। इसके लिए दिल्ली सरकार वॉट्सऐप नंबर जारी करने पर विचार कर रही है ताकि लोग इस नंबर पर लाए जा रहे घृणा संदेशों की शिकायत दर्ज कर पाएं।

सरकार लोगों से इस तरह के किसी भी संदेश को आगे नहीं भेजने की अपील करेगी क्योंकि ऐसी किसी भी सामग्री को फॉरवर्ड कर समुदायों के बीच में दुश्मनी पैदा करना एक अपराध है। शनिवार को यह जानकारी दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने दी। इस कदम का मकसद सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर लगाम लगाना है। अगर किसी को भी इस तरह की कोई आपत्तिजनक सामग्री प्राप्त होती है, तो वह तुरंत इसकी शिकायत दिल्ली सरकार को कर सकता है। इसके माध्यम से संदेश भेजने वाले व्यक्ति का नाम और नंबर भी बता सकता है। इसके लिए बकायदा एक अधिकारी तैनात होगा जो इन शिकायतों की निगरानी करेगा। बाद में शिकायतों को दिल्ली पुलिस के पास भेजा जाएगा।

**दंगा प्रभावित इलाकों में पहुंचा अल्पसंख्यक आयोग**

दंगा प्रभावित इलाकों में शनिवार को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सय्यद गय्यूर उल हसन, उपाध्यक्ष जार्ज कुरियन और सदस्य आतिफ रशीद, सरदार मंजीत सिंह राय समेत आयोग के संयुक्त सचिव डेनियल रिचर्ड समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए। इस प्रतिनिधिमंडल ने मौजपुर, नूर इलाही, ब्रह्मपुरी, चांद बाग, मुस्तफाबाद, शिव विहार, चमन आरा बाग में दौरा किया और समुदाय के लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की। आयोग ने पुलिस-प्रशासन को हिदायत दी कि दंगे में जो भी नुकसान हुआ है। उसे तुरंत दर्ज किया जाए और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही हो। बाद में आयोग सदस्य जीटीबी अस्पताल में भी पीड़ितों का हाल जानने पहुंचे। आयोग ने निगम अधिकारियों को जल्द से जल्द सड़क साफ करने की हिदायत दी।

**पार्क में नागरिकता कानून समझाएंगे भाजपा नेता**

भाजपा नेता विजय गोयल रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के बोंटा पार्क में शाहीन बाग और नागरिकता संशोधन कानून समझाएंगे। उन्होंने कहा कि दंगों के पीछे सोची-समझी सुनियोजित साजिश है। जबसे यह कानून पारित किया गया है तभी से शाहीन बाग में महिलाओं और बच्चों को ढाल बनाकर धरने पर बिठाया गया है। इसलिए भाजपा पार्क में जाकर लोगों को इस कानून की बारिकियां समझाएगी। विजय गोयल ने कन्हैया कुमार, उमर खालिद और अनिर्बान के देशद्रोह मुकदमे को मंजूरी देने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस मुकदमे को मंजूरी चार साल पहले जब चार्जशीट जारी हुई थी, तभी मिल जानी चाहिए थी। अब जब दिल्ली में खुद आप पार्षद ताहिर हुसैन का नाम हिंसा फैलाने में आया तो सरकार ने इसकी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि आप नेता इस आरोपी का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में आप पार्टी के ओखला विधायक अमानतुल्लाह खान व आप नेता संजय सिंह ने भी ताहिर हुसैन का समर्थन किया था।


### 'फॉरेस्ट मैन' विवेकानंद स्मृति कर्मयोगी पुरस्कार से सम्मानित

## पायंग ने की युवाओं से स्वदेश लौटने की अपील

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने फॉरेस्ट मैन के नाम से मशहूर पद्मश्री जादव पायंग को शनिवार को सांतवा स्वामी विवेकानंद स्मृति कर्मयोगी पुरस्कार से सम्मानित किया। गैर सरकारी संगठन माइ होम इंडिया के निर्णायक मंडल ने जादव पायंग को इस पुरस्कार के लिए चुना था। शनिवार शाम दिल्ली में हुए एक समारोह में पायंग को प्रशस्ति पत्र, समृति चिन्ह और एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया।

इस मौके पर जादव पायंग ने अपने संबोधन में वन से जुड़े कार्यों को रखा साथ ही विदेश में रह रहे युवाओं से स्वदेश लौटने की अपील की।



उन्होंने कहा-प्रतिभा पलायन को रोकने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि जो युवा विदेश में हैं उन्हें कम पैसों में ही सही स्वदेश में काम करने को लौटना चाहिए। देश में उनका योगदान जरूरी है। उन्हें जो तालीम दी गई उसका देश हित में भी उपयोग होना चाहिए।

जावड़ेकर ने कहा कि वे जादव पायंग को सम्मानित कर खुद को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर वन-जल जीव व पर्यावरण की बात भी रखी। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और पार्टी के त्रिपुरा के प्रभारी सुनिल देवधर, दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त हिबू तमंग, माइ होम इंडिया के अध्यक्ष अनिल मित्तल, वकील प्रदीप राय ने भी बात रखी।

केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर और जादव पायंग दोनों ने अपने संबोधन को देश और प्रकृति पर केंद्रित रखा। वन संपदा और वन्य-जल जीवों के नजरिए से भारत को संपन्न बताते हुए जावड़ेकर ने दो घोषणएं की। उन्होंने मंच से कहा-केंद्र सरकार जल्द ही कछुओं के संरक्षण के लिए एक नई नीति ला रही है। इसके अलावा स्कूलों में स्वच्छ विद्यालय के तर्ज पर कॉलेजों के लिए 'ग्रीन कैंपस' योजना ला रही है जिसके तहत कॉलेजों में पर्यावरण से जुड़े काम किए जाएंगे। उन्होंने कहा विश्व के 75 फीसद बाघ केवल भारत में हैं। उन्हें केवल बचाने और बढ़ाने की जरूरत है।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और पार्टी के त्रिपुरा के प्रभारी सुनिल देवधर ने कहा-माइ होम इंडिया ने शेष भारत के लोगों को पूर्वोतर भारत के लोगों से जोड़ने और उन्हें पूर्वोतर की संस्कृति से परिचित कराने का कार्य किया है। मोदी सरकार की सक्रियता और जागरूकता अभियान के चलते भारत के दूसरे हिस्सों में पूर्वोतर के छात्रों के साथ होने वाले भेदभाव और दुर्घटनाओं में बहुत कमी आई है।

सुनिल देवधर ने कहा कि पूर्वोत्तर के बारे में लोगों में या तो गलत जानकारी दी जाती रही या उनकी जानकारी छुपाई जाती रही। इसे मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर पर जो काम किया है वह सत्तर सालों में नहीं हुआ था।

www.readwhere.com



दूसरी नज़र

■ पी चिदंबरम

# पूर्व घोषित अनर्थ

आमतौर पर किसी आने वाले संकट की भविष्यवाणी करने के लिए सामान्य समझ ही पर्याप्त होती है, उसके लिए किसी छठी इंद्रिय की जरूरत नहीं पड़ती। 24 फरवरी और उसके बाद के दिनों में उत्तर पूर्व दिल्ली में भड़की हिंसा से जिस कदर शांति भंग हुई और अड़तीस लोग मारे गए, उसके बारे में पूरी तरह से पहले से ही पता था। इसके लिए अगर कोई तैयार नहीं था तो वह सिर्फ दिल्ली पुलिस थी। 25 फरवरी 2020 के 'द हिंदू' अखबार के मुताबिक 'हिंसा करीब सौ पुलिसवालों की मौजूदगी में भड़की, जिन्होंने हालात के मुताबिक कोई कार्रवाई नहीं की'।

महत्त्वपूर्ण यह नहीं है कि पहले किसने उकसाया, या किसने पत्थर फेंका या किसने पिस्तौल लहराई। महत्त्वपूर्ण यह है कि सरकार और सीएए विरोधियों के बीच जो लड़ाई शुरू हुई थी, वह सड़कों पर आ गई और सीएए विरोधियों व सीएए समर्थकों के बीच युद्ध में तब्दील हो गई।

पिछले साल 11 दिसंबर के बाद से देश के अलग-अलग हिस्सों में काफी कुछ घटित हुआ था। शाहीन बाग, दिल्ली और देश के दूसरे हिस्सों में धरने-प्रदर्शन, मार्च, रैलियां, चुनावी वक्त में अपने-अपने हथकंडे और अदालतों में याचिकाएं। 23 फरवरी को एक भाजपा नेता ने दिल्ली पुलिस को तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि 'दिल्ली पुलिस जाफराबाद और चांद बाग की सड़कों को खाली करा ले। इसके बाद हमें वह कोई सफाई न दे। फिर हम आपकी नहीं सुनेंगे। सिर्फ तीन दिन।'

## क्या कोई योजना है?

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, जामिया मिल्लिया (इसके चालीस फीसद छात्र गैर-मुसलिम हैं) और अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्रों को पीटने और घायल करने वाली हिंसा से संबंधित नया सबूत सामने आया। दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस की बर्बरता को ओर अंगुलियां उठाई गई थीं। अकेले उत्तर प्रदेश में पुलिस की गोली से तेईस लोग मारे गए थे। सैकड़ों लोगों जिनमें अधिकतर छात्र थे, को गिरफ्तार किया गया था। जैसे-जैसे दिन गुजरते गए, अदालतों ने एफआइआर और पुलिस की रिपोर्टों की सत्यता पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने सार्वजनिक रूप से असहमति के बचाव के पक्ष में बोला और असहमति व्यक्त करने वालों पर देशद्रोही होने का ठप्पा लगाने को लेकर चेताया।

फिर भी सरकार ऐसे दावे और काम करती रही जैसे वह कहीं गलत नहीं है। सरकार की ओर से सिर्फ ऐसे कटु बयान आए, जो संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और प्रस्तावित राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के बचाव में थे। इनमें बचाव की बजाय धमकियों की ध्वनि ज्यादा थी। एक ऐसा संदेह पैदा हो रहा है कि भाजपा किसी योजना पर काम कर रही है। कइयों को इस बात का शक है कि भाजपा अलग-अलग विचारों वाले लोगों को और कट्टर बना कर उन्हें सड़कों पर उतारना चाहती है और इस तरह वह ध्रुवीकरण को पूरा करना चाहती है। संभव है यह कठोर और सही नहीं लगे, लेकिन सरकार की जिद और प्रदर्शनकारियों (अकेले मुसलमानों से नहीं) से बात नहीं करने के कठोर फैसले से यह संदेह और गहरा जाता है।

## सीएए-एनपीआर से फैलता खौफ

सरकार का कहना है कि एनपीआर एक सामान्य कवायद है और सीएए राष्ट्र हित में है और इन दोनों में कोई संबंध नहीं है। यह समझ से परे है कि इस तरह का बचकाना तर्क कैसे कुछ लोगों के गले उतर सकता है। एनपीआर कहीं से भी सामान्य कवायद नहीं है, इसके फार्म में कई तरह के शरारतपूर्ण सवाल जोड़ दिए गए हैं। जहां तक सीएए का सवाल है, यह स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण है और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इसके अलावा, सीएए और एनपीआर एक दूसरे से जुड़े हैं। पहले एनपीआर का काम शुरू किया जाएगा, ताकि 'सामान्य नागरिकों' की पहचान की जा सके और जो सामान्य नागरिक नहीं पाए जाएंगे, उन्हें 'संदिग्ध' के रूप में चिह्नित कर दिया जाएगा। इस स्तर पर सीएए प्रभाव में आ जाएगा। सारे 'संदिग्ध' लोग जो हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध या पारसी होंगे, उन्हें नागरिकता के लिए साधारण-सा आवेदन करने की अनुमति दे दी जाएगी और फिर नागरिकता प्रदान कर दी जाएगी। बाकी बचे हुए लोग 'संदिग्ध' मुसलमान होंगे, जिन्हें सीएए के तहत कोई शरण नहीं मिलेगी।

डर इस बात का है कि एनपीआर की इस कवायद से लाखों मुसलमान बेसहारा हो जाएंगे। क्या इसमें कोई आश्चर्य है कि लाखों मुसलमान इतने सतर्क हो गए हैं कि आमतौर पर घरों में रहने वाली हजारों मुसलिम महिलाएं और बच्चे सड़कों और बगीचों में कड़ाके की ठंड, बारिश और पुलिस की लाठियों को झेलते हुए धरना दे रहे हैं? उन्हें जो उम्मीद और हिम्मत मिल रही है, उसके पीछे हजारों गैर मुसलमानों और राजनीतिक दलों से मिलने वाला जोरदार समर्थन है।

## लापरवाह और अलोकतांत्रिक

भाजपा लोकसभा में अपने संख्या बल का फायदा उठाते हुए अपने पक्षपातपूर्ण एजंडे को आगे ले जाने के लिए निर्लज्जता पर उतर चुकी है। लोकसभा चुनाव में अभी चार साल बाकी हैं। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अनिच्छा से छह मुसलमान उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था (तीन पश्चिम बंगाल में, दो जम्मू और कश्मीर में और एक लक्षद्वीप में और किसी अन्य राज्य में नहीं) और वह इस तथ्य को नहीं छिपाती कि अब वह मुसलमान मतदाताओं से सक्रियता से वोट मांगेगी। दूसरी बार सरकार बनने के बाद से ही प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक ऐसे कई कदम उठाए हैं जिनसे मुसलमानों के भीतर खौफ गहराया है। मुसलमानों में लगभग यह धारणा बन चुकी है कि केंद्र सरकार उनके हितों की रक्षा नहीं करेगी। यह एक महत्त्वपूर्ण धारणा है। धारणाएं ही क्रियाओं और प्रतिक्रियाओं को प्रभावित करती हैं।

एक लोकतांत्रिक और जिम्मेदार सरकार लोगों के पास जाती और उनसे बात करती। पिछले दो महीनों में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

इन सबका असर कुल मिला कर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा, जिसे टाला नहीं जा सकता। पिछले कुछ महीनों में पूरी दुनिया में देश की छवि को भारी नुकसान पहुंचा है। यूरोपीय संघ, अमेरिकी कांग्रेस की कमेटियों और संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं से आए बयान इसके गवाह हैं। कई देशों ने निजी तौर पर भारत को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। विकसित देशों में सांसद, निवेशक और राय बनाने वाले टाइम, द इकॉनोमिस्ट, न्यूयार्क टाइम्स और वाल स्ट्रीट जरनल पढ़ते हैं और इनके आधार पर वे कड़ी आलोचनाएं करते रहे हैं।

भारत एक अघोषित धर्मतंत्र सरीखा व्यवहार कर सकता है। या फिर धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र जैसा बर्ताव कर सकता है। यह चाहे जो करे, भारतीय लोगों के लिए इसके दूरगामी और बहुत ही भयानक नतीजे होंगे और खासतौर से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए।

# जय और पराजय

जीवन हर पल एक रण है। कोई भी स्थिति हो या कोई भी काल, अंधेरा हो या रोशनी, खुशी हो या गम, जीवन संघर्ष हमेशा जारी रहता है। दुख के समय से तो हम जूझते ही हैं, पर खुशी के पलों को आगे तक सहेज कर रखना भी एक चुनौती है। तो, इस जीवनव्यापी जद्दोजहद के दौरान हम क्या कर सकते हैं? चीन के महान विचारक सुन जू का कहना है कि हम उसे एक कला बना सकते हैं।

रण की कला- द आर्ट ऑफ वार- चीनी विचारक सुन जू की पतली-सी, पर बेहद प्रभावशाली किताब है, जो इस युद्ध कौशल को छोटी-छोटी हिदायतों के जरिए बड़े विस्तार से समझती है। जू का जीवन काल 544 से 496 ईसा पूर्व था, यानी आज से लगभग छब्बीस सौ साल पहले। प्राचीन इतिहास काल के इस चिंतक ने युद्ध कला की व्याख्या जिस पांडित्य से की है, उसकी आज तक कोई मिसाल नहीं है।



तीरंदाज

■ अश्विनी भटनागर

> भ्रम फैलाना युद्ध का सबसे घातक हथियार है। सफल नायक प्रतिद्वंद्वी को हमेशा भ्रम की स्थिति में रखता है। इससे विपक्षी नायक उलझन में फंस जाता है और अपनी फौज को सपष्ट निर्देश नहीं दे पता है। ऐसा होते ही फौज विघटित हो जाती है।

मास्टर सुन ने अपनी रचना में वास्तविक युद्ध के लिए उपयोगी सूत्रों को लिखा है और इसलिए विश्व भर के सेनानायक, जैसे फ्रांस के नेपोलियन, चीन के माओ, क्यूबा के फिदेल कास्त्रो, रूस के स्टालिन और अमेरिका के जनरल डगलस मैकआर्थर ने उसका उपयोग अपनी रणनीति बनाने के लिए करते रहे हैं। पर आर्ट ऑफ वॉर का उपयोग केवल इतना नहीं है। वह हर आम जीवन में हो रहे निरंतर संघर्ष पर विजय पाने के लिए बेहद सार्थक अध्ययन है। कॉर्पोरेट दुनिया में दशकों से इसका उपयोग तीखी प्रतिस्पर्धा में रणनीति बनाने के लिए किया जाता रहा है। साथ ही, राजनीति में जू के सूत्रों का विशेष महत्त्व है, क्योंकि वास्तविक युद्ध और राजनीतिक पैंतरे एक सिक्के के दो पहलू हैं, जिसमें सिक्का सत्ता है।

मास्टर सुन जू का कहना है कि छल, कपट और धोखा युद्ध कौशल में स्वाभाविक रूप से निहित होते हैं और जो सेनानायक धोखा देने में निपुण नहीं है, वह कभी युद्ध नहीं जीत सकता। उनका कहना है कि सेनानायक को ऐसा कपट करना चाहिए कि जब वह आक्रमण करने को पूरी तरह तैयार हो तो प्रतिद्वंद्वी को लगे कि वह उस वक्त आक्रमण करने की स्थिति में नहीं है। जब वह सेना को सक्रिय कर रहा हो, तो लगे कि शिथिल है और जब मजबूत हो, तो प्रतिद्वंद्वी उसे कमजोर समझे। इसके साथ सेनानायक को डर और प्रलोभन का चारा भी दुश्मन की फौज के सामने समय-समय पर डालते रहना चाहिए। विचारक का कहना है कि दुश्मन का डर अक्सर कारगर तो होता है, पर प्रलोभन उससे भी ज्यादा प्रभावपूर्ण होता है। युद्ध शुरू होने से पहले प्रभावी सेनानायक को इन दो प्रकार के छलों को उपयोग में लाना चाहिए, क्योंकि लड़ कर लड़ाई जीतने से बेहतर बिना युद्ध किए जीत जाना होता है।

जू कहते हैं कि अगर सेनानायक अपने को और अपने प्रतिद्वंद्वी को समझता है, तो उसको सौ युद्धों के परिणाम की चिंता नहीं होती है। वह हमेशा जीतेगा। अगर वह अपने को समझता है, पर दुश्मन को नहीं, तो हर एक जीत के बाद एक हार उसके हिस्से में आएगी। और अगर वह न अपने को समझता है और न ही दूसरे को, तो हर युद्ध में वह मुंह की खाएगा।

जू कहते हैं कि जय पाने के लिए नायक को पराजय की संभावना को खत्म कर देना चाहिए। दूसरे शब्दों में, युद्ध में जाने से पहले अपने को ऐसी स्थिति में ले आना चाहिए कि जहां से हार संभव ही न हो। वे कहते हैं कि हार से अपने को सुरक्षित करना हमारे अपने हाथ में है, जबकि प्रतिद्वंद्वी अपनी हार का मौका खुद प्रदान करता है। नायक को अपने को पूर्णतः सुरक्षित करने के बाद, उस मौके का इंतजार करना चाहिए, जब प्रतिद्वंद्वी खुद-ब-खुद अपनी हार उसको थमा दे। इस तरह की जीत को पूरी जीत कहा जाता है। जू कहते हैं कि साहस और बुद्धिमता नायक के लिए उतनी जरूरी नहीं है जितनी कि उसकी गलती न करने की क्षमता है। इसलिए नायक को साहसी से ज्यादा चतुर होना चाहिए।

युद्ध आमने-सामने होकर लड़ा जा सकता है, पर जीता जाता है परोक्ष वार से। प्रत्यक्ष और परोक्ष वारों को साथ-साथ चलना चाहिए, एक घेरा बना कर, जिससे दुश्मन को यह पता न चले कि कौन-सा वार कब खत्म हुआ और दूसरा कब शुरू हुआ। इनके चलते प्रतिद्वंद्वी भ्रम के घेरे में फंस जाता है और उसके पैर उखड़ जाते हैं। मास्टर सुन जू कहते हैं कि निपुण सेनानायक आक्रमण उस जगह करता है, जहां उसका प्रतिद्वंद्वी यह न समझ पाए कि क्या बचाव करे और अपना बचाव इस तरह करता है कि दूसरा यह न समझ पाए कि वह कहां आक्रमण करे।

भ्रम फैलाना युद्ध का सबसे घातक हथियार है। सफल नायक प्रतिद्वंद्वी को हमेशा भ्रम की स्थिति में रखता है। इससे विपक्षी नायक उलझन में फंस जाता है और अपनी फौज को सपष्ट निर्देश नहीं दे पता है। ऐसा होते ही फौज विघटित हो जाती है। सिपाहियों में संगठित उद्देश्य नष्ट हो जाता है और वह अपने नायक को नाकाबिल मानाने लगते हैं। उनका मनोबल गिर जाता है। वे अक्षम हो जाते हैं, क्योंकि उनका लक्ष्य अस्पष्ट हो जाता है। जोश को हताशा डस लेती है।

जू के अनुसार, फौज को जुटाने के लिए और रण में पूरी तरह से दिशा निर्देश देने के लिए चिह्नों और पताकाओं का विशेष महत्त्व है। सेनानायक युद्ध से दूर बैठ कर भी इनके माध्यम से सैनिकों को रणनीति के तहत चला सकता है। इसीलिए युद्ध संचालन के लिए, जू कहते हैं, पताकाओं और विशिष्ट चिह्नों का होना आवश्यक है। जो भी सेनानायक पताका के बिना युद्ध में जाएगा, वह हार कर ही लौटेगा। वास्तविक युद्ध हो, कॉर्पोरेट रणनीति या वोट की राजनीति दृश्य प्रतीकों के बिना जय अदृश्य रहती है।

# हिंसा का हासिल



वक़्त की नब्ज़

■ तवलीन सिंह

दिल्ली के दंगों में एक संदेश है। आशा करती हूं कि यह संदेश प्रधानमंत्री निवास तक पहुंच जाए। संदेश है कि नफरत की राजनीति से हमेशा पैदा होती है हिंसा। इस हिंसा को रोका जा सकता है, लेकिन जिस नफरत से वह पनपती है, उसके दाग कभी नहीं मिटते हैं। अदृश्य दर्द के घावों की तरह रह जाते हैं दशकों तक टूटे मकानों में, बर्बाद हुई बस्तियों में और उन परिवारों के अकल्पनीय दुख में, जिनका कोई बेटा, बाप या भाई बेमौत मारा गया हो सिर्फ नफरत के कारण।

प्रधानमंत्री निवास तक यह संदेश पहुंचना इसलिए जरूरी है, क्योंकि अभी तक उन्होंने स्वीकार नहीं किया है कि नफरत की आग लगाई थी उनके अपने साथियों ने, उनके मंत्रियों ने और भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ताओं ने। शुरुआत हुई थी नागरिकता कानून में संशोधन लाए जाने से बहुत पहले, जब गृहमंत्री ने महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों को जीतने के लिए नागरिकता को हथियार बना कर बार-बार आश्वासन दिया था अपने भाषणों में कि किसी भी हिंदू, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध या पारसी को अपनी नागरिकता गंवाने की कोई चिंता नहीं होनी चाहिए। नाम अगर नहीं लिया देश के इस शक्तिशाली राजनेता ने तो सिर्फ मुसलमानों का। मगर जो कहना चाह रहे थे मुसलमानों को, उस बात को पूरा मुसलिम समाज समझ गया। इसके बाद जब नागरिकता कानून में संशोधन लाया गया धर्म के आधार पर, पहली दफा भारत के इतिहास में, तो संदेश भारत के आम मुसलमानों तक पूरी तरह पहुंच गया और विरोध प्रदर्शन शुरू होने लगे दिसंबर 15 को दिल्ली के जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय से।

पुलिस की ज्यादतियां इस विश्वविद्यालय में देख कर शुरू हुआ शाहीन बाग का किस्सा। दिल्ली की ठंडी रातों में महिलाएं बैठी रहीं अपना विरोध जताने। मोदी सरकार के किसी भी मंत्री ने इन औरतों से मिल कर बात करने की तकलीफ की होती, तो फौरन जान जाते कि उनकी

> नफरत का परिणाम यह है कि दिल्ली की कई बस्तियां पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं या उनमें नफरत का जहर इतना फैल गया है कि हिंदुओं और मुसलमानों में दुबारा भाईचारा कायम करने में बहुत वक्त लग सकता है। दंगे रुक जाते हैं हमेशा, लेकिन नफरत जब किसी शहर के हवा-पानी में घुल जाती है, जहर बन कर रह जाती है उस शहर की रगों में।

चिंता असली थी। मैंने जब इन महिलाओं से मिल कर समझाने की कोशिश की थी कि सीएए से उनकी नागरिकता को कोई खतरा नहीं है, तो उन्होंने मुझे उलटा समझाया कि इस बात को वे अच्छी तरह जानती हैं, लेकिन गृहमंत्री ने बार-बार कहा है कि सीएए के बाद देश भर में आएगा एनआरसी और उनको डर इससे है, क्योंकि उनको मालूम है कि अपनी भारतीयता साबित करनी होगी सिर्फ मसलमानों को। गरीब मुसलमानों के पास कहां रखे होते हैं दस्तावेज? जब शाहीन बाग जैसे विरोध प्रदर्शन होने लगे देश भर में, तो प्रधानमंत्री ने रामलीला मैदान से आश्वासन दिया कि फिलहाल एनआरसी लाने का कोई प्रयास नहीं कर रही है उनकी सरकार।

तब तक शरजील इमाम जैसे जिहादी शामिल हो गए थे विरोध प्रदर्शनों में। सो, जब दिल्ली का चुनाव अभियान शुरू हुआ, भारतीय जनता पार्टी के नेता शाहीन बाग को 'गद्दारों' का अड्डा साबित करने में लग गए। ऐसे भाषण दिए गए, जिनसे सीएए का विरोध करने वालों को पाकिस्तानी और जिहादी कहा गया। चुनाव आयोग के हस्तक्षेप से कुछ लोगों को चुनाव प्रचार करने पर कुछ लोगों पर प्रतिबंध लगाया, लेकिन दिल्ली पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई। नफरत फैलती रही इतनी कि दंगे तो होने ही थे। बेशक भारतीय जनता पार्टी नहीं चाहती थी कि दंगे उस समय शुरू हों जब अमेरिका के राष्ट्रपति भारत में खास मेहमान थे, लेकिन क्यों नहीं कपिल मिश्रा जैसे लोगों को नियंत्रण में रखा गया?

नफरत का परिणाम यह है कि दिल्ली की कई बस्तियां पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं या उनमें नफरत का जहर इतना फैल गया है कि हिंदुओं और मुसलमानों में दुबारा भाईचारा कायम करने में बहुत वक्त लग सकता है। दंगे रुक जाते हैं हमेशा, लेकिन नफरत जब किसी शहर के हवा-पानी में घुल जाती है, जहर बन कर रह जाती है उस शहर की रगों में। यह संदेश क्या पहुंचेगा प्रधानमंत्री निवास तक?

# तीन दिन जला इतिहास

तीन दिन महामहिम! तीन दिन दंगे! कैसा विरोधाभास!

तीन दिन महायात्रा! तीन दिन महास्वागत! तीन दिन महाजश्न! तीन दिन महा समझौते! और उसके बाद चिड़िया फुर्र!

तीन दिन जली दिल्ली! तीन दिन जला देश! तीन दिन तीन दिन! कहीं आग लगती रही, कहीं गोली चलती रही! तीन दिन!

तीन दिन जगे भाग्य कि बाईस किलोमीटर के 'रोड शो' को इन्हीं आंखों से प्रत्यक्ष देखा। सड़क के दोनों ओर की गरीबी छिपाने की खातिर दीवार उठा दी गई, ताकि महाहिम का जायका न हो खराब! यह थी गुजरात कृत 'चीफ की दावत'!

एक शाम मोटेरा! एक लाख लोगों की जय जयकार! उनकी 'नमस्ते' और हमारी तालियां! अपना देश धन्य धन्य! फिर एक सुबह दिल्ली में 'गार्ड ऑफ आनर'! ये 'गार्ड ऑफ आनर' क्या होता है? इसके एक-एक ब्योरे को बताते और कयास लगाते हमारे पूर्व कूटनीतिज्ञ कि विश्व में भारत की चुटिया डूबी कि उछली!

वह 'फर्स्ट वर्ल्ड' तो हम 'थर्ड वर्ल्ड'! 'फर्स्ट वर्ल्ड' की खुशबू भी काफी!

फिर मुहब्बत के प्रतीक ताजमहल देखने जाना और इस उबाऊ दौरे पर भी चैनलों का बर्बाद होते रहना! फिर कुछ महा समझौते और फिर फुर्र!

और इन्हीं तीन दिन पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद, मौजपुर, खजूरी खास, चांदबाग, मुस्तफाबाद का वह वहशत भरा 'सबाल्टर्न' चेहरा प्रकट हुआ, जो अपनी घृणा में लहूलुहान रहा!

इन्हीं तीन दिन कीर्तनिए चैनल करते रहे महामहिम जी की महायात्रा का कीर्तन और इन्हीं तीन दिन जलती रही दिल्ली और जलता रहा देश! ज्यादातर समय भूलते रहे घृणा से बजबजाती पूर्वी दिल्ली को और गाते रहे महामहिम की महिमा के गान!

हर समय सत्य के लिए मरने की दुहाई देने वाले खबर चैनल दिल्ली के लिए कतई न मरे!

महामहिम की दिव्य यात्रा के समांतर भाजपा के मिश्रा जी ने सीएए विरोधी धरने वालों को जाफराबाद जाकर कुछ इस आशय की चेतावनी दे डाली कि या तो रास्ता खाली कर दो नहीं तो हम खाली करवा देंगे। हम इसे शाहीनबाग नहीं बनने देंगे!

ऐसे पुण्य प्रलाप ने बहुत जल्द अपना रंग दिखाया! कुछ देर बाद ही इन इलाकों में पागल उन्मादी भीड़ें नजर आने लगीं। चलती लाठियां, चलते डंडे और पत्थर! कपड़ों से ढके चेहरे कि कहीं कोई पहचान न ले! कहीं आग लगी दिखती, कहीं से धुआं उठता दिखता।

बदहवास रिपोर्टर अपने को बचाते हुए हमें कांपती आवाजों से बताते कि हिंसा का तांडव हो रहा है...

और दिल्ली की पुलिस इस कदर लाचार कि कथित मोहम्मद शाहरुख नाम का एक गुंडा कुछ दूर से पिस्तौल से

बाखबर

■ सुधीश पचौरी



> एक दंगा पूर्वी दिल्ली में, तो दस दंगे चैनलों में! एक चैनल कहता है कि हमारे एक रिपोर्टर के तीन दांत टूटे हैं, दो और घायल हुए हैं। दूसरा बताता है कि हमारे वाले ने तो भीड़ से जैसे तैसे जान बचाई है... पत्रकार निशाना बनाए जा रहे हैं...

गोली दागता आता है और सामने खड़े सिपाही की कनपटी पर पिस्तौल सटा कर निकल जाता है और पुलिस उसे गिरफ्तार तक नहीं करती!

देर तक चैनलों पर एक ही सवाल गूंजता रहता है कि पुलिस क्या कर रही है? और जवाब वही घिसा-पिटा कि हम स्थिति पर नजर रखे हैं..!

घृणा का बाजार गरम कि पुलिस की एक टुकड़ी को बंधक बना लिया गया है और पुलिस उसे निकालने जा रही है, कि दंगाई ट्रंप के दौरे को अपने लिए एक अवसर बना रहे हैं कि भारत को बदनाम करने की साजिश हो रही है..!

शनिवार की शाम तक एंकर और चर्चक अपने-अपने मचानों पर अपनी-अपनी बंदूकें तान कर एक-दूसरे पर गोली दागे जा रहे हैं कि ये प्रदर्शनकारी हैं कि हत्यारे हैं, बहत्तर दिन तक सहा! अब हटाओ शहीन बाग को! फिर दहाड़ता है कि कहां है उदार धड़ा? कहां हैं वे 'सेलीब्रिटीज'? कहां हैं इस दल के नेता, उस दल के नेता?

ब्रेकिंग : रात के नौ बजे हैं और अब तक तेरह मर चुके हैं।

एक दंगा पूर्वी दिल्ली में, तो दस दंगे चैनलों में! एक चैनल कहता है कि हमारे एक रिपोर्टर के तीन दांत टूटे हैं, दो और घायल हुए हैं। दूसरा बताता है कि हमारे वाले ने तो भीड़ से जैसे तैसे जान बचाई है... पत्रकार निशाना बनाए जा रहे हैं... सोनिया की गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग! एक पूछता है कि जब दिल्ली जल रही थी, गृहमंत्री कहां थे?

दंगों के पहले दिन एक चैनल खबर 'ब्रेक' करता है कि पुलिस अफसर अमित घायल हुए और उनको बचाने आए कांस्टेबल रतनलाल को गोली मारी गई। हाय-हाय! फिर एक खबर आती है कि आइबी अफसर अंकित शर्मा का शव नाले में मिला है। मरने वालों की संख्या तैंतालीस हुई!

अगले रोज जब देखते ही गोली मारने का आदेश होता है, तब स्थिति काबू में आती है! नए पुलिस अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल खजूरी खास, जाफराबाद और चांदबाग के दंगाग्रस्त मुहल्लों में गली-गली दौरा करते हैं, वहां के डरे हुए लोगों से बातचीत कर उनको आश्वासन देते हैं कि आपकी हिफाजत का पूरी मुस्तैदी से खयाल रखा जाएगा... वे नब्बे मिनट तक दो किलोमीटर पैदल चल कर आश्वस्ति का वातावरण बनाते हैं... कांग्रेस राजघाट तक शांति मार्च करती है...!

कि फिर कपिल मिश्रा के ट्विटर से उपलब्ध हुआ एक 'अप्रमाणित' वीडियो सब चैनलों पर छा जाता है। यह 'आप' के पार्षद ताहिर हुसैन और उनके घर का है। यह हर चैनल पर बार-बार बजाया जाता है, फिर हर चैनल का रिपोर्टर, कैमरामैन ताहिर के मकान के अंदर जा-जाकर सीधा प्रसारण करने लगता है और सारी कहानी ताहिर की इस 'दंगा फैक्ट्री' पर आकर रुक जाती है : पांच मंजिला मकान! हर मंजिल पर पत्थरों से भरे थैले, छत पर तेजाब की थैलियां! पेट्रोल से भरी बोतलों की क्रेटें और दूर तक मार करने वाली गुलेल! वहीं अंकित शर्मा के घर वाले कह चुके हैं कि वही शर्मा का हत्यारा है! फरार ताहिर पर एफआइआर की जाती है..!

तीन दिन तीन रात च0मकी दिल्ली! तीन दिन जली दिल्ली! तीन दिन जला इतिहास!

www.readwhere.com

## किताबें मिलीं

### अधूरा राष्ट्रगान



सुना है आदमी बड़ा हो गया है/ चांद पर खड़ा हो गया है/ पर आदमी के अंदर का आदमी/ धरती की खाई में खो गया है' – इस काव्य संग्रह की यह पहली कविता ही कवि की आंच का तापमान बता देती है। रोजाना की जिंदगी में दो जून की रोटी के लिए तड़पते, मांगते बच्चों को देखते हैं तो शायद ऐसा ही करंट पैदा होता है कि यह तमाशा चांद और मंगल और जाने किस ग्रह के लिए हो रहा है! काश यह जमीन पर रह रहे लोगों को भी देख पाते। ऐसा मिजाज 'मूंगफली' कविता में भी दिखता है। आम आदमी के जुड़ाव का आत्मविश्वास। याद आती है निराला की कविता 'गुलाब और कुकुरमुत्ता' जिसमें कुकुरमुत्ता अकड़ से गुलाब की ऐसी–तैसी करता है। किसी वक्त में कुछ आलोचकों ने गुलाब में उन दिनों के एक राजनेता की ओर इशारा किया था। यहां तो हर राजनेता ऐसा ही नकली गुलाब है। यह इसी संवेदना की कविता है। 'कामवाली बाई' इधर से उधर भागती–दौड़ती उन महिलाओं की कविता है जो लगातार जूझती रहती है और सामाजिक सुरक्षा के नाम पर जिन्हें कुछ भी हासिल नहीं है।

लेकिन ऐसा नहीं कि कवि समानता के इसी दर्द से लबरेज हैं। कहते हैं न कि पत्थर के अंदर भी कुछ नमी होती है और यहां तो ऐसी नमी के कई द्वीप हैं। एक कविता है, 'जब तेरी नजर में'– 'मैं अभी अर्द्ध खिला फूल हूं/ एक बार टूट गया तो फिर नहीं खिल पाऊंगा/तब मुझे नहीं यह तेरा शहर छोड़ जाऊंगा।' संग्रह की एक और कविता है– 'मुझे अब भी' जिसकी अंतिम लाइन है– आंहों से धुआं उठता है। वाकई आह ऐसे ही जज्बात पैदा करती है। शहर छोड़ने के भी और कभी–कभी दुनिया छोड़ने के लिए भी।

***अधूरा राष्ट्रगानः ओमप्रकाश सिंह 'शांत'; अंतिका प्रकाशन प्रा. लि., सी–56/ यूजीएफ–4, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन–2, गाजियाबाद ( उप्र); 250 रुपए।***

### लच्छी



लच्छी' एक किरदार की कहानी है और एक समय की भी। एक शहर की कहानी है और एक समाज की भी। अल्मोड़ा के माल रोड से सटे हुए 150 साल पुराने विश्वनाथ निकेतन में लेखिका की बतौर नातिनी कूच की कहानी भी। यह गृहस्थ जीवन और आराध्य आस्था के प्रति समकालीन भावनाओं के चूर होने की कहानी तो है ही। और समय के आंगन में उसी चूरे की रंगोली की कहानी भी है यह।

भारतीय समाज जैसा जो कुछ भी है और उसमें संयुक्त परिवार की जैसी भी कल्पनाएं हैं, लच्छी वहीं से शुरू होती है और वहीं पर खत्म भी। यहां पूर्वजों की फोटो दीवार पर लटके हुए बोलती तो नहीं हैं, पर देखती जरूर हैं। इन दीवारों के बीच उनके दरवाजों की छह किलो की चाबी के आदान–प्रदान की क्रियाओं ने आने–जाने का एक नया मानचित्र बना डाला है, घर के मानचित्र से अलग। और जिस शहर में यह घर है, उसकी सर्दियों में भटकते हुए गपोड़ियों के मुंह से निकलने वाली गप्पों की कहानी है लच्छी।

इसकी कहानी कुमाऊंनी समाज के अतीत के प्रति उदासीनता पर प्रहार भी करती है और उसका आहार भी बन पड़ती है। कहानी लच्छी के अल्हड़पन और दायित्वपूर्ण सयानेपन के बीच के रास्ते के सफर में पाठकों का परिचय जटिलतावाद से कराती है। एक ऐसा विमर्श जो लच्छी की लच्छीमयता, अल्मोड़ा की अल्मोड़ियत और मध्यमवर्गीय जीवन की माध्यमिकता के पनपने के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। अगर सत्य का सबसे नजदीकी अहसास व्यंग्य और मर्म के आभास से हो सकता है तो लच्छी बदलते समाज पर एक मार्मिक व्यंग्य की रचना है।

***लच्छी; भूमिका जोशी; वाणी प्रकाशन, 4695, 21–ए, दरियागंज, नई दिल्ली; 199 रुपए।***

### कोहरे में यात्रा



गद्य साहित्य के कथेतर विधाओं की ओर पाठकों की दिलचस्पी इधर बढ़ी है। इसका प्रमुख कारण अपने परिवेश और खास कर साहित्यिक परिवेश के अंतरंग के प्रति जिज्ञासा। कथेतर विधाओं में कल्पना की अपेक्षा सच का आग्रह अधिक होता है। संस्मरण विधा उन्हीं में एक हैं जिसमें तिथियों और घटनाओं की वास्तविकता का ऐसा आत्मीय आकर्षण होता है जो कुछ ज्ञात के साथ बहुत कुछ अज्ञात से भी परिचित कराता है।

संस्मरण वही स्थायी महत्त्व प्राप्त करते हैं जो किसी को उठाने–गिराने या किसी की प्रशंसा–निंदा के लिए नहीं, बल्कि किसी के अंतःमन में प्रवेश करके व्यक्त में अव्यक्त को देखने और दिखाने की क्षमता रखते हैं। इस अर्थ में संस्मरण कृपाण की धार पर संतुलन की साधना तो है ही, एक निर्मल चित्त की पावन अभिव्यक्ति भी है। संस्मरणों में संस्मरणकार का अपना जीवन भी आ जाता है पर वह उसका लक्ष्य नहीं होता। संस्मरणों और रेखाचित्रों की प्रसिद्ध लेखिका महादेवी वर्मा के शब्ध उधार लेकर कहें तो संस्मरणकार का निकटता जनित आत्म–विज्ञापन उस राख से अधिक महत्त्व नहीं रखता जो अंगारों को सजीव रखने के लिए ही उन्हें घेरे होती है।

राधेश्याम तिवारी के इन संस्मरणों की विशेषता यह है कि इनमें विश्वसनीयता के साथ पठनीयता भी है। लेखक ने न किसी की अतिरिक्त प्रशंसा की है न सोद्देश्य निंदा, बल्कि उसने लेखकों के अंतः में झांक कर उनकी वास्तविकता का बयान किया है। कहीं–कहीं कुछ सख्त टिप्पणियां हैं तो वे भी सच के आग्रह के ही कारण। इन संस्मरणों में पाठक को अपने समय का सांकेतिक और मनोरम साहित्यिक परिदृश्य मिलेगा।

***कोहरे में यात्राः राधेश्याम तिवारी; संजना प्रकाशन, डी–70/4, अंकुर एनक्लेव, करावल नगर, दिल्ली; 195 रुपए।***

### वाह उस्ताद!



ताल गया तो बाल गया, सुर गया तो सर गया' ऐसी होती है भारतीय शास्त्रीय संगीत के घरानों की परंपरा– जहां संगीत के हर एक पहलू पर इतना बारीकी से ध्यान दिया जाता है। वर्षों की कड़ी मेहनत और रियाज से ही बन पाता है कोई ऐसा गायक कि जिसे सुनकर श्रोता कह उठते हैं– वाह उस्ताद!

हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में घरानों की परंपरा रही है। देश के अलग–अलग प्रांतों और शहरों से इन घरानों की शुरुआत हुई और उन्हीं के नाम पर रखे गए घरानों के नाम। हर घराने की अपनी खासियत, अपना इतिहास और अपना वंश है। यों तो संगीत का आनंद लेने के लिए जरूरी नहीं कि संगीत का ज्ञान हो लेकिन अगर थोड़ी–बहुत संगीत की जानकारी हो, यह मालूम हो कि गायक और वादक के संगीत का क्या संदर्भ है, तो उसे सुनने में और ही आनंद आता है। इस पुस्तक में अलग–अलग घरानों से संबंधित जानकारी और उससे जुड़े किस्से–कहानियां हैं। इनमें से कई किस्से–काहनियां लेखक की सुनी–सुनाई हैं तो कई जगह अधिक रोचक बनाने के लिए मौजूदा तथ्यों का नाटकीयकरण किया गया है।

***वाह उस्ताद : प्रवीण कुमार झा; राजपाल एंड संज, 1590, मदरसा रोड, कश्मीरी गेड, दिल्ली; 250 रुपए।***

**शिक्षा और रोजगार**

**शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की जरूरत लंबे समय से रेखांकित की जाती रही है। इस दिशा में कुछ प्रयास भी हुए हैं, पर उल्लेखनीय नतीजे नजर नहीं आते। इसलिए पूरी शिक्षा व्यवस्था पर ही सवाल उठा दिए जाते हैं। इससे पार पाने के मकसद से विज्ञान और तकनीकी पाठ्यक्रमों पर जोर दिया गया, मगर वहां भी अनुसंधान, शोध और उनसे रोजगार सृजन के क्षेत्र में उत्साहजनक परिणाम नहीं दिखते। शिक्षा और विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अनुसंधान आदि को लेकर क्या स्थिति है, इस बार की चर्चा इसी पर। – संपादक**

# शिक्षा से रोटी का सवाल

रमेश दवे

शिक्षा का अर्थ तो है आगे बढ़ना, लेकिन पीछे मुड़–मुड़ कर देखने की ऐसी आदत हो गई है कि हमें वेदों में शिक्षा–शास्त्र और गणित के दर्शन होते हैं, उपनिषद हमारी चेतना पर तने हुए हैं और पुराणों की कथाओं से हम समाज को छलने लगे हैं। हमारा यह अतीत प्रेम हमें अपने समय का कोई कथा–पुराण रचने ही नहीं देता। नीतियों में भूख, रोटी और कर्म के बजाय आदर्शों का एक जादुई पिटारा रच दिया जाता है, जिसमें से सब कुछ तो निकलता है, लेकिन रोटी नहीं निकलती। समाज इतना संवेदन–शून्य है कि उसे सड़क के गड्ढों की जितनी चिंता है उतनी शिक्षा, शिक्षक, पाठ्यक्रम, परीक्षा आदि द्वारा किए गए गड्ढों की चिंता नहीं होती।

अब कोई भी दल, नेता, राजनीति या सरकार देश की राजनीति नहीं करती। वे देश की राजनीति के बजाय द्वेष की राजनीति में लगे हैं, इच्छाशक्ति के बजाय ईर्ष्या–शक्ति आजमा रहे हैं। आजादी के बाद का समाज भी अपने पुराने राजाओं, नवाबों और सामंतों के सजदे, सलाम और गुणगान से मुक्त नहीं हो पाया। शिक्षा ने प्रसार–प्रचार कर अपना विस्तार तो खूब किया, लेकिन ऐसी शिक्षा क्यों नहीं बनी कि समाज युद्ध मुक्त होता, आतंक मुक्त होता, अपराध मुक्त होता, घृणा–मुक्त होता? हम तो अच्छे काम की प्रशंसा भी इसलिए नहीं कर पाते कि अच्छा काम करने वाली सरकार हमारे दल की नहीं है। जब कोई सरकार जनता द्वारा बना दी जाती है तो वह दल की सरकार न होकर, देश, प्रदेश और जनता की सरकार होती है। मगर हम इसे भूल ही गए हैं।


राष्ट्रीय शिक्षा नीति कई बार बनी। वर्ष 1968 में, 1986–92 में और अब शायद 2020 में भी लागू हो जाए। पहले की दो नीतियों ने शब्द तो अच्छे दिए, विचार भी ठीक–ठाक दिए, लेकिन शब्द–बल, आत्मबल बन कर कलम से कर्म पैदा न कर सका, विचार हमें उदार नहीं बना सका। इसलिए नीतियों के पन्नों से अलग–अलग दलों के चेहरे तो झांकते नजर आते हैं, लेकिन इस देश की बालक, किशोर, युवा पीढ़ी और उनके वर्तमान या भविष्य के चेहरे दिखाई नहीं देते।

हम शिक्षा में आगे बढ़े तो क्या शिक्षा से एक चरित्रवान देश के रूप में आगे बढ़े? क्या हम अधिक ईमानदारी में बढ़े या सरकारी कामकाज में कथित रिश्वत और विलंब में आगे बढ़े? आगे बढ़ने का अर्थ है एक खुशहाल राष्ट्र का निर्माण। यह खुशहाल राष्ट्र क्या हमारी शिक्षा से बना? क्या हमने अपने बच्चों को राष्ट्र माना? क्या लोकतंत्र में संविधान, सरकार, न्याय–व्यवस्था, जन–प्रतिनिधि, सरकारी संस्था और संपत्ति और सर्वधर्म–समभाव आदि का सम्मान और उनकी रक्षा का ऐसा पाठ्यक्रम बनाया, जिससे लगता कि हमारा लोकतंत्र, लोक–आस्था का लोकतंत्र है?

जो भी शिक्षा व्यवस्था आज है, उसे अच्छी या खराब कह देने से शिक्षा का सही मूल्यांकन नहीं होता। जब तक हर सरकारी स्कूल, वहां की व्यवस्था, वहां का शिक्षक, बच्चों को राष्ट्र समझ कर काम नहीं करता और निजी स्कूलों से बेहतर नहीं हो जाता, तब तक यह कैसे कहा जा सकता है कि हमारा स्कूल आगे बढ़ा, शिक्षक आगे बढ़े, छात्र आगे बढ़े और इन सबसे मिल कर शिक्षा आगे बढ़ी। अगर हमारी सरकारी व्यवस्था अपने उपलब्ध बजट का ही सही इस्तेमाल करे, शिक्षक और शैक्षिक प्रशासन ईमानदार और संकल्पवान हो उठें तो इससे हमारी तेजस्वी पीढ़ी आगे बढ़ कर दिखा देगी। अगर हमारे उच्च–अध्ययन संस्थानों से निकलने वाले छात्र विश्व भर में जाकर भारतीय शिक्षा का गौरव बढ़ा रहे हैं, तो हमारे स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षिक संस्थान क्या उत्कृष्टता का शिखर नहीं छू सकते?

सच पूछा जाए तो हमारा मानवीय चरित्र बिगड़ा है और राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्र शिक्षा और जन के प्रति ईमानदार नहीं रहा है। शिक्षा

**चर्चा**



चित्र : अनुप्रिया

**अगर पाठ्यक्रम में रोजगार को भी अन्य विषयों की तरह शामिल कर रहे हैं, तो सर्वप्रथम रोजगार के आवश्यक उपकरण और प्रशिक्षित शिक्षक या पारंपरिक कारीगरों की व्यवस्था करनी होगी, शिक्षा और रोजगार के संयुक्त काम के निष्पादन का लगातार मूल्यांकन करना होगा और उसे परिणाम–मूलक बनाना होगा।**

आज स्वैच्छिक और आत्मज्ञान का साधन बनने के बजाय संस्थागत ज्ञान में बदल गई है। संस्था का होना व्यवस्था का होना है। व्यवस्था का होना संसाधन, संरचना और समान अवसरों के नियमानुसार संयोजन का नाम है। देश का नागरिक अब प्रश्न करना भूल गया है या प्रश्न करना उसने छोड़ दिया है। आम नागरिक की शिक्षा–नीति और उसके क्रियान्वयन में कोई खास भूमिका भी नहीं होती। कुछ संभ्रांत वर्ग के उच्चाधिकार प्राप्त शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, समाजकर्मी, राजनीतिक और प्रशासक नीति तय करते हैं, जिनमें दो–चार शिक्षक अपनी मौन उपस्थिति से बड़े अधिकारियों से सहमे–सहमे मूर्तिवत दिखाई देते हैं। संवाद अंग्रेजी में होने से जो जन–प्रतिनिधि, शिक्षक, समाजसेवी अंग्रेजी कम जानते हैं, वे हीन भावना से ग्रस्त होकर अपना मुंह नहीं खोल पाते। तात्पर्य यह कि शिक्षा नीति संभ्रांत समाज और भ्रांत प्रशासकों की मिलीजुली आत्म–सुविधायुक्त नीति होती है। बावजूद इसके नीति सिद्धांत रूप में आकर्षक और स्वीकृति योग्य मान कर लागू कर दी जाती है।

कुछ दार्शनिक किस्म के शिक्षाविदों, कुलपतियों, विचारकों का यह मत है कि शिक्षा क्षमता पैदा करने का माध्यम है, रोजगार देने का नहीं। यह धारणा अब बदलनी होगी, क्योंकि अधिकांश अच्छे रोजगार तो शिक्षा ही पैदा कर रही है। गरीब तो अपना रोजगार या तो खुद पैदा कर लेता है या भीख मांग लेता है। इस देश में आजादी के पहले भी गरीब भूखा था और आज भी पूरा भूखा न सही, आधा भूखा तो है ही, पूरा घर उसके पास नहीं तो रैन बसैरे का चबूतरा तो उसके पास है ही। शिक्षा न तो भूख से लड़ने का हथियार है, न रोजी कमाने का हाथ। अक्षरों और अंकों की दुनिया में आकर सीखने वाला बाल, किशोर, युवा अपने आसपास की दुनिया से सीखना ही भूल जाता है।

अगर पाठ्यक्रम में रोजगार को भी अन्य विषयों की तरह शामिल कर रहे हैं, तो सर्वप्रथम रोजगार के आवश्यक उपकरण और प्रशिक्षित शिक्षक या पारंपरिक कारीगरों की व्यवस्था करनी होगी, शिक्षा और रोजगार के संयुक्त काम के निष्पादन का लगातार मूल्यांकन करना होगा और उसे परिणाम–मूलक बनाना होगा।

माना कि शिक्षा से समाज का सशक्तिकरण होता है, लेकिन समाज को शक्ति के वे उपकरण भी देने होंगे, जो पढ़ने, खेलने और कुछ काम करने को प्रेरित करें। नीतियां तब तक बुरी नहीं होतीं, जब तक उन्हें इरादतन बुरा न बनाया जाए। शिक्षा में जबसे सवर्ण, अवर्ण, अल्पसंख्यक, दलित, जनजाति आदि के भेद किए गए, तबसे शिक्षा में भी जातिवाद उभरा और सामाजिक तनाव पैदा होने लगे। इसी प्रकार भाषाओं को सीमित क्षेत्र में कैद कर दिया गया। गांधी, तिलक, रवींद्रनाथ, सुनीति कुमार चटर्जी, सुभाष बोस आदि सभी महान विचारकों ने आजादी के पहले हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की बात कही थी, लेकिन आज तो राष्ट्र, राष्ट्रीयता, राष्ट्रभाषा, राष्ट्रगान, राष्ट्र ध्वज, राष्ट्रीय प्रतीक सबके सब विवाद का विषय बन गए हैं। हम चाहे जिस धर्म का पालन करें, धर्म हमें उदार बनाने के बजाय संकीर्ण बना रहा है। इसका स्पष्ट अर्थ है शिक्षा मनुष्य में मनुष्यगत गुणों के निर्माण और विस्तार में विफल हो गई है।

अब फिर तीसरी बार एक संपूर्ण शिक्षा नीति आ रही है। सामयिक परिवर्तनों, विकास और चुनौतियों के आधार पर नीति में भी परिवर्तन आवश्यक तो है, लेकिन नीतियों की आंखों पर दलों, विचारधाराओं, जातियों आदि का चश्मा न लगाया जाए। शिक्षा से अच्छे इंसान का निर्माण हो, वे इंसानियत का पाठ्यक्रम पढ़ें और इंसानियत आजमाने के इम्तहान में पास हों, तभी देश आगे बढ़ेगा। शिक्षा–नीति आज तक ऐसा रूप क्यों न ले सकी कि हर हाथ में रोटी कमाने की ताकत और क्षमता हो। हमारी शिक्षा को ऐसा होना चाहिए, जिसमें एक पाठ्यपुस्तक रोटी कमाने के हुनर भी दे। रोटी जीवन की मांग है और देश की हर छात्रा–छात्र अगर रोटी के पाठ्यक्रम में सफल हो जाए तो शिक्षाशास्त्र वास्तव में रोटी–शास्त्र बन कर देश को बेरोजगारी और बेरोजगारों की निराश भीड़ से मुक्त कर सकता है।

# विज्ञान के प्रति रुचि जगाने की जरूरत


संजय दुबे

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां बड़ी हैं। पर भारतीय जनता के वैज्ञानिक रुझान को लेकर सवाल उठते रहते हैं? हमारे यहां विज्ञान से ज्यादा उज्ज्वल भविष्य युवाओं को मार्केटिंग में दिख रहा है। उन्हें पता है कि बायोटेक में स्नातक होकर वे जितना कमाऐंगे उससे ज्यादा कहीं उसके विकसित उत्पाद बेच कर कमा लेंगे। ऐसे में विज्ञान के प्रति छात्रों और नौजवानों में रुचि कम होना स्वाभाविक है। भारत ने पिछले चार सौ साल से शुरू हुई वैज्ञानिक खोजों में वह मुकाम नहीं हासिल किया, जितना पश्चिमी जगत ने बनाया। इसके लिए कई कारण जिम्मेदार हैं। सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं अपने यहां की शिक्षण पद्धतियां। हर भारतीय भाषा में गिनती की विज्ञान अभिरुचि जागृति करने वाली किताबें हैं। फिर भी नौवीं, दसवीं तक जाते–जाते ही कई छात्रों के मन में विज्ञान के प्रति रुचि जागती है। मगर जैसे–जैसे वे ऊंची कक्षा में जाते हैं उनकी अंग्रेजी भाषा पर निर्भरता बढ़ती जाती है।

इतनी सारी कमियों के बावजूद भारत ने इस क्षेत्र में अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है। विज्ञान में अनुसंधान एवं विकास के अंतर्गत तीन तरह की गतिविधियां शामिल होती हैं। बुनियादी शोध, अनुप्रयुक्त शोध और प्रयोगात्मक विकास। इंडियन साइंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडस्ट्री रिपोर्ट 2019 बताती है कि भारत बुनियादी शोध के क्षेत्र में शीर्षस्थ देशों में शामिल है। भारत के पास तकनीकी और वैज्ञानिक जनशक्ति भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी जनशक्ति है। भारत, विज्ञान एवं तकनीकी अनुसंधान में दुनिया में सातवें स्थान पर है। नैनो तकनीक पर शोध के मामले में हम तीसरे स्थान पर हैं। प्रत्यूष नामक सुपर कंप्यूटर के निर्माण के बाद हम जापान, अमेरिका और ब्रिटेन के बाद मौसम पूर्वानुमान के क्षेत्र में चौथे स्थान का देश बन चुके हैं। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में हमारा स्थान सत्तावनवां है। वैश्विक अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में भी हमारी हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। 2010 में जहां देश में 710 मल्टीनेशनल कारपोरेशन रिसर्च सेंटर थे अब इनकी संख्या 1150 के पार हो चुकी है। शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष अनुसंधान, जैव–ऊर्जा, जल तकनीक सहित परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी पर्याप्त निवेश और अनुसंधान हो रहे हैं।

ऐसा नहीं कि देश ने सिर्फ परमाणु और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में ही प्रगति की है। हमने कई छोटे, मगर महत्त्वपूर्ण आविष्कार किए, जिससे देश की विदेशी निर्भरता इन पर से समाप्त हो गई। इसने न केवल विदेशी कंपनियों का यहां एकाधिकार खत्म किया, बल्कि देश के आर्थिक विकास को भी तेज कर दिया।

इसका एक उदाहरण खून रखने वाली थैली यानी ब्लड बैग की खोज का है। पहले रक्त को शीशे की बोतलों में रखा जाता था। जिसमें रक्त का सुरक्षित रहना काफी कठिन होता था। इसमें संक्रमण के खतरे ज्यादा होते थे। कभी–कभी तो किसी रक्त समूह के रक्त की इतनी त्वरित जरूरत होती थी कि चिकित्साकर्मी के इसे जल्दी उपलब्ध कराने के उपक्रम में कभी–कभी ऐन वक्त पर बोतल फूट जाती थी। इस बैग ने इन सारी झंझटों से इस क्षेत्र को राहत दे दी। ऐसा ही एक वाकया न्यूक्लियर बायोलॉजी और डीएनए आधारित अनुसंधान का है। 1997 में हैदराबाद स्थित ऐसे एक सार्वजनिक शोध संस्थान की मदद से शांता बायोटेक्नीक ने भारत में पुनर्संयोजक डीएनए प्रौद्योगिकी की अगुआई की। इस कंपनी ने हेपेटाइटिस बी के वैक्सीन को बाजार में महज पचास रुपए की कीमत पर उपलब्ध करा दिया। इसे विदेशी कंपनियां भारत के भीतर साढ़े सात से साढ़े आठ सौ रुपए में बेच रही थीं। अब इस रक्त बैग



चित्र : अनुप्रिया

**विज्ञान के प्रचार–प्रसार और समाज के हर तबके में अभिरुचि पैदा करने के भी प्रयास होने चाहिए। साथ ही इन क्षेत्रों में करिअर बनाने वाले छात्रों को विदेशों की तरह वेतन–भत्ते की व्यवस्था होनी चाहिए।**

को उत्पादित और वितरित करने वाली पेनपोल कंपनी दुनिया में इस बैग की अड़तीस फीसद आपूर्ति कर रही है। इसी के साथ एक क्षेत्र और है– झींगा पालन का, जिसने किसानों की जहां लागत घटा दी, वहीं मुनाफा बढ़ा दिया। केंद्रीय खारा जलजीव पालन अनुसंधान संस्थान, चेन्नई ने एक डाइग्नोस्टिक किट खोजी। इसकी मदद से रोगजनक वायरस की पहचान में आसानी हो गई। इससे तटीय क्षेत्र तमिलनाडु सहित अन्य जगहों के किसानों को भी काफी फायदा हुआ। जहां इससे झींगा उत्पादन बढ़ा वहीं उसकी गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। आज झींगा उत्पादन उद्योग काफी मजबूत स्थिति में है।

इतना सब कुछ होने के बाद भी यह वैश्विक स्तर के हिसाब से ठीक नहीं है। सीएसआईआर के अनुसार हर साल तकरीबन तीन हजार अनुसंधान होते हैं। पर इनमें नया कुछ नहीं होता। ये महज डिग्री लेने के उद्देश्य से किए जाते हैं। सरकारी और निजी क्षेत्र की प्रयोगशालाओं के खर्च में लगातार कटौती की जा रही है। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति निजी क्षेत्र के हाई स्कूल से लेकर विश्वविद्यालयों तक की है। दूर–दराज के इलाकों में खुले निजी इंटर कॉलेजों में प्रयोगशालाएं ही नहीं हैं। फिर भी विद्यार्थियों को प्रायोगिक परीक्षाएं देनी होती हैं। ऐसे में वे क्या सीख रहे होंगे, समझा जा सकता है।

अभी तक विज्ञान में शोध पर खर्च जीडीपी के एक प्रतिशत के आसपास ही है। वैज्ञानिक इसे कम से कम दो प्रतिशत तक करने की मांग करते रहे हैं। अब सरकार इस मुद्दे पर गंभीर हुई है। टेक्नालॉजी विजन 2035 के नाम से विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग ने एक रूपरेखा बनाई है। इसमें खाद्य और कृषि, चिकित्सा और स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, ऊर्जा, जल जैसे महत्त्वपूर्ण विषय शामिल हैं। राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन के तहत भारत को कंप्यूटर क्षेत्र में एक विश्वस्तरीय शक्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। भारत और आसियान देशों के वैज्ञानिकों और नवोन्मेषकों के बीच नेटवर्क बनाने के लिए आसियान भारत इनोटेक शिखर सम्मेलन भी बुलाया गया है। भारत–यूके विज्ञान एंड इनोवेशन पालिसी डायलॉग के जरिए इन दोनों देशों में एक करार हुआ है, जो कृत्रिम बुद्धिमता, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, स्वच्छ विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। विदेशों में भारतीय छात्रों के प्रशिक्षण के लिए ओवरसीज विजिटिंग डॉक्टोरल फेलोशिप की योजना चलाई गई है। सबसे ज्यादा दिलचस्प कार्यक्रम अवसर (ऑगमेंटिंग राइटिंग स्किल्स फार आर्टिकुलेटिंग रिसर्च) है। इसका उद्देश्य भारतीय शोधों को जनसामान्य के बीच प्रसारित–प्रचारित करना है।

यूनेस्को के एक आकड़े के अनुसार भारत में आबादी के लिहाज से शोधार्थियों की संख्या सबसे कम है। यहां एक शोधार्थी के ऊपर 6410 व्यक्ति निर्भर हैं, जबकि चीन में 912, द. कोरिया में145, जापान में188 और अमेरिका में यह आंकड़ा 235 व्यक्ति का है। हांलाकि सरकार की तरफ से काफी प्रयास किए जा रहे हैं, फिर भी और देशों की तरह पीपीपी मार्डल के तहत निजी क्षेत्रों को भी इसमें आगे आना चाहिए। विज्ञान के प्रचार–प्रसार और समाज के हर तबके में अभिरुचि पैदा करने के भी प्रयास होने चाहिए। साथ ही इन क्षेत्रों में करिअर बनाने वाले छात्रों को विदेशों की तरह वेतन–भत्ते की व्यवस्था होनी चाहिए। सबसे महत्त्वपूर्ण बात है कि विज्ञान जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया जाए। इसका प्रचार–प्रसार भी होना चाहिए, ताकि देश के लोगों को पता चल सके कि इस समय विज्ञान के क्षेत्र में क्या चल रहा है।

www.readwhere.com

## बैंकों की 11 मार्च से प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल टली

कोलकाता, 29 फरवरी (भाषा)।

बैंक कर्मचारियों के विभिन्न संगठनों की 11 मार्च से प्रस्तावित तीन दिवसीय देशव्यापी हड़ताल को टाल दिया गया है। बैंक कर्मचारियों के एक संगठन ऑल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन ने यहां एक बयान में इसकी जानकारी दी। संगठन ने कहा कि शनिवार को मुंबई में भारतीय बैंक संगठन (आइबीए) के साथ हुई बैठक में सकारात्मक प्रगति के कारण हड़ताल टालने का फैसला लिया गया है। बैंकिंग क्षेत्र के कर्मचारियों के संगठनों के समूह यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने इस हड़ताल का आह्वान किया था।

ऑल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन ने बयान में कहा कि मुंबई में विभिन्न कर्मचारी संगठनों की आईबीए के साथ बैठक हुई।

## स्थायी शांति के लिए प्रायोजित आतंकवाद खत्म हो : भारत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

दोहा में अमेरिका-तालिबान समझौते को ध्यान में रखते हुए काबुल पहुंचे विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला ने शनिवार को अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई से मुलाकात की और पड़ोसी देश में शांति एवं स्थिरता एवं शांति समझौते को लेकर भारत की मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं स्थिर अफगानिस्तान के लिए भारत का खुला समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रपति अशरफ गनी से भेंट कर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र सौंपा।

श्रृंगला ने अफगानिस्तान के मुख्य कार्यकारी अब्दुल्ला अब्दुल्ला, उपराष्ट्रपति अमरूल्ला सालेह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हमदुल्लाह मोहिब और कार्यकारी विदेश मंत्री हारून चखानसूरी से भी मुलाकात की। उन्होंने अफगान नेतृत्व को संदेश पहुंचाया कि अफगानिस्तान में स्थायी शांति के लिए बाहर से प्रायोजित आतंकवाद के खात्मे की जरूरत है। विदेश सचिव ने स्पष्ट कर दिया कि भारत सरकार अफगान नेतृत्व और अफगान नियंत्रण वाली स्थायी एवं समावेशी शांति तथा मेल-मिलाप का समर्थन करती है।

करजई के साथ श्रृंगला की बातचीत के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया कि विदेश सचिव ने इस वर्ष जनवरी में करजई की भारत यात्रा का जिक्र करते हुए भारत-अफगानिस्तान सामरिक गठजोड़ में उनके योगदान की सराहना की।

## अफगानिस्तान पहुंचे नाटो प्रमुख

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

अमेरिका और तालिबान के बीच ऐतिहासिक समझौते से पहले अधिकारियों से मिलने के लिए नाटो प्रमुख जेन्स स्टोल्टनबर्ग शनिवार को अफगानिस्तान पहुंच गए। स्टोल्टनबर्ग ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी के साथ शनिवार को काबुल मीडिया सम्मेलन में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने अफगानिस्तान की सरकार के साथ संयुक्त घोषणापत्र जारी किया। इसमें अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर भी मौजूद थे। स्टोल्टनबर्ग ने अफगानिस्तान में अमेरिका और नाटो बलों के प्रमुख जनरल स्कॉट मिलर के साथ बैठक की। माना जा रहा है कि अमेरिकी सैनिकों की वापसी और अफगानिस्तान में व्यवस्थागत तैयारियों को लेकर दोनों के बीच बातचीत हुई।

## फांसी पर रोक के लिए फिर अदालत पहुंचे निर्भया के दोषी

नई दिल्ली, 29 फरवरी (भाषा)।

निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में सभी चारों दोषियों के तीन मार्च को मृत्यु वारंट के अमल पर रोक लगाने के अनुरोध को लेकर दोषियों अक्षय सिंह और पवन कुमार गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत का रुख किया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने फांसी पर रोक के अनुरोध वाली दोषी सिंह की याचिका पर तिहाड़ जेल अधिकारियों को दो मार्च तक जवाब देने के निर्देश दिए। अपने वकील के जरिए दाखिल याचिका में सिंह ने दावा किया कि उसने भारत के राष्ट्रपति के समक्ष एक नई दया याचिका भी दाखिल की है जो अभी लंबित है।

सिंह की ओर से पेश वकील एपी सिंह ने कहा कि उसकी पहले की दया याचिका को राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया था और उसमें पूरे तथ्य नहीं थे।

गुप्ता ने अपनी याचिका में दलील दी कि उसकी सुधारात्मक याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। उसने कहा कि उसके पास दया याचिका दायर करने का भी विकल्प है। दोनों दोषियों ने अदालत को बताया कि कई अन्य याचिकाएं भी सुप्रीम कोर्ट और अन्य प्राधिकारियों के पास लंबित है। अदालत ने 17 फरवरी को चारों दोषियों-मुकेश कुमार सिंह (32), पवन गुप्ता (25), विनय कुमार शर्मा (26) और अक्षय कुमार (31) को नया मृत्यु वारंट जारी करने के बाद तीन मार्च को फांसी पर लटकाए जाने का आदेश दिया था।

## 'बुंदेलखंड के जनजीवन को बदल देगा एक्सप्रेसवे'

पेज 1 का बाकी

रुपए की लागत से बनने वाले 296 किलोमीटर लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की बटन दबाकर आधारशिला रखी। उत्तर प्रदेश सरकार बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है जो चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर और जालौन जिलों से गुजरेगा। यह एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड क्षेत्र को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते से जोड़ेगा, साथ ही बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार एक्सप्रेस गति से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले एक्सप्रेस वे बड़े शहरों जैसे दिल्ली और मुंबई में होते थे लेकिन अब चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरैया जैसे इलाकों के लोग भी एक्सप्रेस वे का लाभ उठा पाएंगे। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक आधारभूत ढांचा यहां नए उद्योगों उद्यमों को विकसित करेगा। यह संयोग ही है कि पिछले साल फरवरी में ही उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारे का शिलान्यास करने के लिए उन्हें यहां आने का मौका मिला था और इस साल बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का शिलान्यास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारे के लिए 3700 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इन दोनों योजनाओं का आपस में गहरा नाता है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से उप्र रक्षा गलियारे को भी गति मिलने वाली है। मोदी ने कहा कि एक समय में यह क्षेत्र भारत की आजादी के क्रांतिवीरों को पैदा करता रहा है। आने वाले समय में इसे भारत को युद्ध के साजोसामान से आत्मनिर्भर बनाने वाले क्षेत्र के रूप में जाना जाएगा।

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सरकार 14849.09 करोड़ रुपए खर्च करेगी। यह एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड क्षेत्र को सड़क मार्ग के जरिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जोड़ेगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के लिए 95.46 फीसद भूमि का क्रय व अधिग्रहण किया जा चुका है।

## मेघालय हिंसा में मरने वालों की संख्या दो हुई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 फरवरी।

शिलांग के व्यस्त लेवडूह बाजार में शनिवार को एक प्रवासी मजदूर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई जिससे मेघालय में आदिवासी और गैर आदिवासी समूह के बीच संघर्ष में मरने वालों की संख्या दो हो गई है। मेघालय में सीएए और इनर लाइन परमिट (आइएलपी) पर बैठक के दौरान केएसयू कार्यकर्ताओं और गैर आदिवासियों के बीच झड़प में एक खासी समुदाय के एक व्यक्ति की मौत के बाद शिलांग शहर के कुछ इलाकों में शनिवार दोपहर को फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात को शहर के बीचोंबीच झड़प के दौरान चाकू से हुए हमले में सात लोग घायल हो गए। इसके बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था जिसे शनिवार सुबह आठ बजे हटा लिया गया था। छह जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध जारी है। अधिकारियों ने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए वे शिलांग में रात दस बजे से कर्फ्यू लगाने के बारे में विचार कर रहे हैं। घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। हमले में शामिल लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

शिलांग के दो थाना क्षेत्रों में दोपहर को फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया। संवेदनशील इलाकों में सशस्त्र पुलिस बल की अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य में हालात नियंत्रण में हैं और स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है।

बांग्लादेश की सीमा से सटे ईस्ट खासी हिल्स जिले के इचामति इलाके में शुक्रवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध में और आइएलपी के समर्थन में एक बैठक के दौरान खासी स्टूडेंट्स यूनियन (केएसयू) के कार्यकर्ताओं और गैर आदिवासियों के बीच झड़प हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि संघर्ष में घायल लोगों की संख्या 16 हो गई है।

## उन्नाव हत्या मामले में टला फैसला

नई दिल्ली, 29 फरवरी (भाषा)।

दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को उन्नाव बलात्कार मामले की पीड़िता के पिता की हत्या के मामले में अपने फैसले को अगले हफ्ते तक के लिए टाल दिया।

भाजपा के निष्कासित विधायक कुलदीप सिंह सेंगर ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में तीन साल पहले पीड़िता से बलात्कार किया था। पीड़िता के पिता की नौ अप्रैल, 2018 को न्यायिक हिरासत में मौत हो गई थी। जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने फैसला अगले हफ्ते तक टाल दिया जो अब बुधवार को सुनाया जाएगा।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मामले के पक्ष में 55 गवाह पेश किए जबकि बचाव पक्ष ने नौ गवाहों से सवाल-जवाब किए। अदालत ने बलात्कार पीड़िता के रिश्तेदार, मां, बहन और उसके पिता के एक सहयोगी का बयान लिया जिसने घटना का प्रत्यक्षदर्शी होने का दावा किया था।

अदालत ने महिला से बलात्कार के दोष में सेंगर को 20 दिसंबर को ताउम्र जेल की सजा सुनाई थी। पीड़िता 2017 में हुई इस घटना के वक्त नाबालिग थी।

सीबीआइ के मुताबिक तीन अप्रैल, 2018 को पीड़िता के पिता और शशि प्रताप सिंह के बीच विवाद हुआ था। 13 जुलाई, 2018 को दायर आरोप-पत्र के मुताबिक पीड़िता के पिता और उनके सहकर्मी अपने गांव माखी से लौट रहे थे जब उन्होंने सिंह से लिफ्ट मांगी थी।

सिंह ने उन्हें लिफ्ट देने से मना कर दिया और तीनों के बीच बहस शुरू हो गई। सिंह ने अपने साथियों को बुलाया जिसके बाद विधायक का भाई अतुल सिंह सेंगर अन्य के साथ मौके पर पहुंचा और पीड़िता के पिता व उनके सहकर्मी की पिटाई की। पीड़िता के पिता को बाद में वे लोग थाने ले गए और उनके खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

आरोपपत्र में कहा गया कि इस पूरे वाकये के दौरान कुलदीप सेंगर जिले के पुलिस अधीक्षक और माखी पुलिस थाने के प्रभारी अशोक सिंह भदौरिया के साथ संपर्क में रहा। बाद में उसने पीड़िता के पिता की जांच करने वाले डॉक्टर से भी बात की थी।

इससे पहले अदालत ने सेंगर, उसके भाई अतुल, भदौरिया, उप निरीक्षक कामता प्रसाद, कॉन्स्टेबल आमिर खान और मामले में छह अन्य के खिलाफ आरोप तय किए थे।

## फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी : अतिथि शिक्षक गिरफ्तार

सिलचर, 29 फरवरी (भाषा)।

असम के सिलचर के एक कालेज में एक अतिथि शिक्षक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

गुरुचरण कालेज के भौतिकी विभाग में अतिथि शिक्षक सौरदीप सेनगुप्ता के खिलाफ एक छात्र द्वारा दायर की गई शिकायत के आधार पर सेनगुप्ता को इतखोला स्थित उनके निवास से शुक्रवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया।

सेनगुप्ता ने अपनी फेसबुक पोस्ट में कथित तौर पर एक विशेष समुदाय को भी निशाना बनाया था। सेनगुप्ता के परिजनों ने कहा कि बाद में वह फेसबुक पोस्ट हटा दी गई थी। उन्होंने बताया कि सेनगुप्ता ने सोशल मीडिया वेबसाइट पर अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांग ली थी।

पुलिस ने कहा कि सेनगुप्ता के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को भड़काने, विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता बढ़ाने समेत कई आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। कालेज के छात्रों ने सेनगुप्ता की सेवाएं तुरंत समाप्त करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। सेनगुप्ता के परिजनों का कहना है कि उन्हें जानबूझकर छात्रों के एक वर्ग द्वारा फंसाया जा रहा है।

## समाज पर जबरदस्ती अपने विचार थोपना एक तरह की विकृति

पेज 1 का बाकी

यह प्रयास करना चाहिए कि इंसान में कोई अंतर न किया जाए। आचरण में अंतर नहीं आना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे खुशी इस बात की है कि मैं आप सब के बीच आया हूं। मैं आदिवासी समुदाय के लोगों से व्यक्तिगत तौर पर मिलना चाहता हूं। मैं ठेठ आदिवासी समुदाय के लोगों से मिल रहा हूं। उन्होंने कहा कि देश बदल रहा है और हम सब को भी बदलना है।

कोविंद ने कहा कि जब देश बदलता है तो संसाधनों की आवश्यकता होती है। हमारे पास संसाधन उतने नहीं हैं। जनसंख्या बढ़ती जा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा का संसाधन हम अपने बच्चों को दे सकते हैं। आप अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाइए और उनको अच्छा आचरण दीजिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का ध्येय छात्र को अच्छा इंसान बनाना होना चाहिए। अच्छा इंसान अगर डॉक्टर बन गया तो वह अच्छा डॉक्टर होगा। अच्छा इंसान अगर नेता बन गया तो वह अच्छा नेता होगा। अच्छा इंसान, अच्छा पति और पिता भी होगा। बेटी अच्छी इंसान होगी तो अच्छी बहू और अच्छी सास भी होगी। इससे पूर्व विकास भारती के सचिव अशोक भगत ने राष्ट्रपति का स्वागत किया और उन्हें समाज में प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत बताया। कार्यक्रम में राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी उपस्थित थे।

## माधुरी कानितकर बनीं थलसेना की पहली लेफ्टिनेंट जनरल

पेज 1 का बाकी

गया था। डॉ. कानितकर सशस्त्र बलों की पहली बाल चिकित्सक हैं, जो यह पद संभालेंगी। डॉ. माधुरी के पति राजीव कानितकर भी लेफ्टिनेंट जनरल के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। भारत के इतिहास में यह पहला मौका है, जब पति और पत्नी दोनों ही सेना में लेफ्टिनेंट जनरल रहे हों। कानितकर पिछले 37 साल से थल सेना में कार्यरत हैं। पद संभालने के बाद माधुरी कानितकर ने कहा कि भारतीय सेना ही एक महिला के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी, सम्मानित और सुरक्षित संगठन है, जहां उसे बढ़ने के अवसर दिए जाते हैं। माधुरी कानितकर प्रधानमंत्री की वैज्ञानिक सलाहकार परिषद की सदस्य भी हैं। उन्होंने अकेले अपने दम पर पुणे और दिल्ली में बच्चों में किडनी की बीमारियों की निगरानी के लिए यूनिट बनाई थी। 2017 में उन्होंने एएफएमसी, पुणे में पहली महिला डीन का पद संभाला था।

## वुहान से लाए गए 112 लोगों की जांच नकारात्मक पाई गई

पेज 1 का बाकी

यह जानकारी दी।सीमा रक्षक बल के एक प्रवक्ता ने कहा, 'सभी 112 लोगों के नमूनों को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भेजा गया था और रिपोर्ट नकारात्मक आई है। पृथक अवधि एक पखवाड़े तक जारी रहेगी।' वुहान शहर से लाए जाने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के छावला क्षेत्र में भारत-तिब्बत सीमा बल (आईटीबीपी) के पृथक केंद्र में 27 फरवरी को 76 भारतीयों और 36 विदेशियों को ले जाया गया गया था। विदेशी नागरिकों के समूह में बांग्लादेश के 23, चीन के छह, म्यांमा और मालदीव के दो-दो और मेडागास्कर, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का एक-एक नागरिक शामिल हैं। प्रवक्ता ने कहा, 'इन लोगों के दूसरे नमूनों को पृथक अवधि के 14वें दिन ले जाया जाएगा और जिनके सभी परिणाम नकारात्मक मिलेंगे, उन्हें आईटीबीपी केंद्र से भेज दिया जाएगा।'

## इंडोनेशिया घूमने आए चीनियों ने लौटने से की तौबा

पेज 1 का बाकी

कोई योजना नहीं है। वह ऑस्ट्रेलियाई दूतावास से इस संदेश का इंतजार कर रही है कि क्या पर्यटक प्रवेश परमिट का उनका आवेदन मंजूर कर लिया गया है या नहीं।

26 वर्षीय हीथर ने कहा, 'अगर ऑस्ट्रेलिया मेरे वीजा को मंजूरी नहीं देता है तो मैं थाईलैंड जाने के बारे में सोचूंगी।'

## सबका भला व न्याय सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी : मोदी

पेज 1 का बाकी

बीते पांच साल में हमारी सरकार ने अलग-अलग इलाकों में करीब 9,000 शिविर लगाए हैं जिनमें 900 करोड़ रुपए मूल्य के सहायक उपकरण बांटे गए हैं। वहीं इससे पूर्व की सरकार के कार्यकाल में 380 करोड़ रुपए से भी कम के उपकरण बांटे गए।

मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने सुगम्य भारत अभियान चलाकर सैकड़ों सरकारी इमारतों को दिव्यांगों के लिए सुगम्य बनाया। इसी तरह 700 से अधिक रेलवे स्टेशन और हवाईअड्डे दिव्यांगजनों के लिए सुगम बनाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक राज्य से दूसरे राज्य जाने वाले दिव्यांगों की भाषाई दिक्कतें दूर करने के लिए एक कॉमन साइन लैंग्वेज पर काम किया गया। इसके लिए सरकार ने इंडियन साइन लैंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की। इससे तमिलनाडु और कश्मीर का व्यक्ति भी इस भाषा को समझ सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस सेंटर ने करीब 6,000 आम शब्दों का एक शब्दकोश भी तैयार कर लिया है।

400 से अधिक सरकारी वेबसाइटों और मुद्रा को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया है। राजग सरकार ने दिव्यांगजनों के अधिकारों को स्पष्ट करने वाला कानून लागू किया। इससे दिव्यांगजन के सात अलग अलग वर्गों को बढ़ाकर 21 कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सरकार ने दिव्यांगों की नियुक्ति के लिए न केवल विशेष अभियान चलाया, बल्कि सरकारी नौकरियों में उनका आरक्षण तीन फीसद से बढ़ाकर चार फीसद कर दिया। साथ ही उच्च शिक्षण संस्थानों में उनका आरक्षण तीन फीसद से बढ़ाकर पांच फीसद कर दिया गया।

मोदी ने कहा कि दिव्यांगों का कौशल विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। हमारी सरकार ने दो लाख दिव्यांगों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया है और पांच लाख दिव्यांग साथियों को कौशल विकास प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि चाहे उद्योग हो या खेल का मैदान हो, दिव्यांगों की भागीदारी जरूरी है। ग्वालियर में एक स्पोर्ट्स सेंटर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इस केंद्र में प्रशिक्षण, चयन, पढ़ाई लिखाई, अनुसंधान, चिकित्सकीय सुविधाएं दिव्यांगजन को उपलब्ध होंगी।

## 'सावधानी बरतनी चाहिए थी आदेश जारी करते समय'

पेज 1 का बाकी

बालकृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि यह महज संयोग है कि अंतिम तबादले की अधिसूचना उस दिन जारी की गई जब उन्होंने घृणा भाषणों पर आदेश दिया था। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं मालूम कि कौन सी तारीख को कॉलेजियम के समक्ष तबादले का मुद्दा आया।' पूर्व सीजेआई ने कहा कि न्यायमूर्ति मुरलीधर के तबादले का दिल्ली हिंसा मामले पर सुनवाई करते हुए उनकी टिप्पणियों से कुछ लेना-देना नहीं है।

न्यायमूर्ति बालकृष्णन ने कहा, 'जब देश में हालात इतने खराब और मीडिया व अन्य लोग सक्रिय हैं तो सरकार को आधी रात को ऐसे तबादले के आदेश जारी करते हुए थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए थी क्योंकि इसका लोगों द्वारा कुछ और मतलब निकाले जाने की संभावना है। लोग इसे अलग तरीके से समझ सकते हैं।' उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि न्यायमूर्ति मुरलीधर को पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में अगले दिन से ही पद संभालने को कहा गया होगा।

न्यायमूर्ति बालकृष्णन ने कहा कि आमतौर पर जब ऐसे तबादले का आदेश दिया जाता है तो पद संभालने का समय सात दिन से कम नहीं दिया जाता ताकि जिस न्यायाधीश का तबादला किया गया है वह नई तैनाती के लिए अपने आप को तैयार कर सकें।

एनजीओ 'द कैम्पेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटैबिलिटी एंड रिफॉर्म्स' (सीजेएआर) ने गुरुवार को न्यायमूर्ति मुरलीधर के तबादले की निंदा करते हुए दावा किया कि एक 'ईमानदार और साहसी' न्यायिक अधिकारी को सजा देने के लिए यह कदम उठाया गया। सरकार की अधिसूचना में कहा गया कि राष्ट्रपति ने भारत के प्रधान न्यायाधीश से परामर्श करने के बाद यह फैसला लिया। इसमें यह नहीं बताया गया कि न्यायमूर्ति मुरलीधर को कब से नई जिम्मेदारी संभालनी है। केंद्रीय विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि न्यायमूर्ति मुरलीधर का तबादला सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर किया गया। उन्होंने कहा कि इसमें तय प्रक्रिया का पालन किया गया।

## किसान ने की खुदकशी, चंद घंटे पहल बेटे ने पढ़ी थी आत्महत्या के खिलाफ कविता

पुणे/नागपुर, 29 फरवरी (भाषा)।

महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले की पथराड़ी तहसील में गुरुवार शाम को 35 वर्षीय एक किसान ने कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से कुछ घंटे पहले ही किसान के बेटे ने स्कूल में एक कविता पढ़ी थी जिसमें तनावग्रस्त किसानों से आत्महत्या न करने की बात कही गई थी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पथराड़ी थाने के एक अधिकारी ने कहा कि भरजवाड़ी निवासी मलहारी बटुले पर कुछ कर्ज बकाया था और उसके चोरी हो गए ट्रक की मासिक किस्त भी बकाया चल रही थी। उन्होंने कहा कि इसी सब से वह बेहद तनाव में था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि उसने अपनी बहन की शादी के लिए कर्ज लिया था। गुरुवार शाम को उसने जहर खा लिया और एक स्थानीय अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि उसी दिन मराठी भाषा दिवस (27 फरवरी) के अवसर पर उसके बेटे प्रशांत बटुले ने अपने स्कूल में किसानों से आत्महत्या न करने का आग्रह करने वाली कविता पढ़ी थी।

नागपुर में संवाददाताओं से बात करते हुए महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने किसान की आत्महत्या पर दुख जताया और कहा कि परिवार को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से घोषित ऋण माफी से अगले दो महीने में किसानों को काफी राहत मिलेगी।

## अफगानिस्तान से 14 माह में लौटेंगे अमेरिकी सैनिक

पेज 1 का बाकी

हम तालिबान पर करीबी नजर रखेंगे कि वह अपनी बातों पर कायम रहता है या नहीं। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि तालिबान अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का ठिकाना ना बने। पोम्पिओ ने अन्य आतंकवादी समूहों से संबंध समाप्त करने की तालिबान की प्रतिबद्धता उसे याद दिलाई। पोम्पिओ ने तालिबान से कहा, 'अलकायदा से संबंध समाप्त करने का वादा निभाना। मैं जानता हूं कि विजय की घोषणा का प्रलोभन होगा, लेकिन अफगानियों के लिए विजय केवल तभी होगी जब वे शांति के साथ रह सकें और समृद्ध हो सकें।'

कतर में भारत के दूत पी कुमारन ने भारत की तरफ से दोहा में यूएसए-तालिबान शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह पहला मौका है जब तालिबान से जुड़े भारत किसी मामले में आधिकारिक तौर पर शामिल हुआ। तालिबान के उप नेता और मुख्य वार्ताकार मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात की ओर से शांति समझौते पर दस्तखत किए। तालिबान अपने सशस्त्र अभियान के लिए इस्लामी अमीरात संगठन नाम का उपयोग करता रहा है। अमेरिकी प्रतिनिधि और उनके मुख्य वार्ताकार जल्मए खलीलजाद ने अमेरिका की ओर से दस्तखत किए।

पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने के लिए पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी भी पहुंचे। उनके प्रतिनिधिमंडल में तालिबान के वरिष्ठ नेता शामिल थे। अफगान सरकार ने हस्ताक्षर समारोह में भाग लेने के लिए शुरू में अपने प्रतिनिधिमंडल को भेजने से परहेज किया, लेकिन बाद में सरकार तालिबान के साथ कैदियों की अदला-बदली कर समाधान निकालने वाली बात पर छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के लिए सहमत हो गई।

इस समझौते से अफगानिस्तान में 18 साल से चल रहे अमेरिका-तालिबान युद्ध के खात्मे का रास्ता साफ होगा। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू बुश ने 11 सितंबर 2001 को अफगानिस्तान पर बमबारी के आदेश दिए थे। समझौते के तहत तालिबान ने यह वादा किया है कि वह अल कायदा समेत किसी भी आतंकवादी संगठन को अपने यहां पनाह नहीं देगा। इस समझौते के बाद अफगानिस्तान के भविष्य को लेकर अफगान सरकार और तालिबान के बीच सीधी वार्ता शुरू होगी। अंतर अफगान वार्ता से पहले अमेरिका और तालिबान एक-दूसरे के हजारों कैदियों को चरणबद्ध प्रक्रिया के तहत रिहा करेंगे। अमेरिका और अफगान सरकार तालिबान के पांच हजार कैदियों को रिहा करेंगे। इसके बदले में तालिबान, अफगान सरकार के एक हजार कैदियों को मुक्त करेगा। समझौते की पूर्व शर्त थी कि अमेरिका तालिबान से इस गारंटी के बदले अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को वापस लेने की समयसीमा घोषित करेगा कि तालिबान अफगानिस्तान में अलकायदा जैसे आतंकवादी समूहों को काम करने की अनुमति नहीं देगा।

## गोएअर के विमान में कबूतर घुसे

अमदाबाद, 29 फरवरी (भाषा)।

अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुक्रवार को जयपुर के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहे गोएअर के एक विमान में दो कबूतर घुस गए। इसके बाद एअरलाइन ने शनिवार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआइ) से पक्षियों की समस्या से निपटने का आग्रह किया। अमदाबाद हवाई अड्डे का प्रबंधन वर्तमान में एएआइ देखता है।

घटना का एक वीडियो शनिवार को एक यात्री द्वारा ट्वीट किया गया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। एअरलाइन ने एक बयान में कहा, 'दो कबूतर गोएअर के अमदाबाद...जयपुर उड़ान जी8..702 में उस समय घुस गए जब यात्री विमान में सवार हो रहे थे।' उसने कहा, 'चालक दल के सदस्यों ने तत्काल पक्षियों को भगाया। विमान अपने निर्धारित समय शाम पांच बजे (शुक्रवार को) रवाना हुआ।' उसने कहा कि गोएअर अपने यात्रियों को हुई किसी भी असुविधा के लिए खेद जताता है। एअरलाइन ने कहा कि उसने एएआइ से पक्षियों की समस्या से निपटने का आग्रह किया है।

www.readwhere.com

# श्रीलंकाई बल्लेबाज पार नहीं कर पाए राधा यादव की बाधा

टी-20 विश्व कप

मेलबर्न, 29 फरवरी (भाषा)।

स्पिनर राधा यादव की शानदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा की एक और धमाकेदार पारी से भारत ने श्रीलंका को 32 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से करारी शिकस्त दी। उसने आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा और ग्रुप ए में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया।

राधा ने अपने करिअर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने श्रीलंका को नौ विकेट पर 113 रन ही बनाने दिए। भारतीय टीम ने 14.4 ओवर में तीन विकेट पर 116 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सोलह वर्षीय शेफाली फिर से अर्धशतक से चूक गईं लेकिन उनकी 34 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से खेली गई 47 रन पारी से भारत एकतरफा जीत हासिल करने में सफल रहा। भारतीय टीम पहले ही सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी।




## शेफाली की धमाकेदार पारी

सोलह वर्षीय शेफाली फिर से अर्धशतक से चूक गईं लेकिन उनकी 34 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से खेली गई 47 रन पारी से भारत एकतरफा जीत हासिल करने में सफल रहा। भारत के सामने छोटा लक्ष्य था और ऐसे में शेफाली और स्मृति मंधाना ने आक्रामक तेवर अपनाए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े।



**23** रन देकर चार विकेट लिए राधा ने जिससे श्रीलंकाई टीम नौ विकेट पर 113 रन ही बना पाई

**47** रन की पारी खेली 34 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से शेफाली वर्मा ने

## बांग्लादेश पर जीत से कीवियों की उम्मीदें कायम

मेलबर्न, 29 फरवरी (भाषा)।

न्यूजीलैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद शनिवार को कम स्कोर वाले मैच में बांग्लादेश को 17 रन से हराया। साथ ही आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप के सेमी फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। न्यूजीलैंड को ग्रुप ए के अंतिम मैच में आस्ट्रेलिया से भिड़ना है जो एक तरह से क्वार्टर फाइनल जैसा बन गया है।

इस ग्रुप से भारत पहले ही सेमी फाइनल में पहुंच चुका है जबकि न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया दोनों के समान चार-चार अंक हैं। श्रीलंका और बांग्लादेश सेमी फाइनल की दौड़ से बाहर हो गए हैं। भारत से करीबी अंतर से हारने वाली न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 66 रन था लेकिन उसकी पूरी टीम 18.2 ओवर में 91 रन पर सिमट गई।

### स्कोर बोर्ड : भारत बनाम श्रीलंका

**श्रीलंका :** उमेशा तिमाशिनी का गायकवाड़ बो दीप्ति 02, चमारी अट्टापट्टू का शिखा बो राधा यादव 33, हर्षिता बो गायकवाड़ 12, हंसिमा का कृष्णमूर्ति बो राधा 07, हसीनी का तानिया बो राधा 07, शशिकला का कृष्णमूर्ति बो गायकवाड़ 13, नीलाक्षी का हरमनप्रीत बो पूनम 08, अनुष्का पगबाधा बो राधा 01, कवीशा नाबाद 25, संदीपनी बो शिखा 00, उदेशिका नाबाद 02 गेंदबाजी : दीप्ति शर्मा 4-0-16-1, शिखा पांडे 4-0-35-1, राजेश्वरी गायकवाड़ 4-1-18-2, पूनम यादव 4-0-20-1, राधा यादव 4-0-23- 4

**भारत :** शेफाली वर्मा रन आउट 47, स्मृति मंधाना का कविशा दिलहरी बो प्रबोधनी 17, हरमनप्रीत कौर का हंसीमा करुणारत्ने बो श्रीवर्धना 15, जेमिमा रोड्रिग्स नाबाद 15, दीप्ति शर्मा नाबाद 15 गेंदबाजी : उदेशिका प्रबोधनी 4-0-13-1, शशिकला श्रीवर्धना 4-0-42-1, सत्या संदीपनी 1-0-11-0, चमारी अटापट्टू 2-0-21-0, कविशा दिलहरी 3-0-18-0, उमेशा थिमशिनी 0.4-0-7-0

## शेफाली को नैसर्गिक खेल खेलने की स्वतंत्रता : हरमनप्रीत

मेलबर्न, 29 फरवरी (भाषा)।



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि टीम प्रबंधन ने शेफाली वर्मा को अपना नैसर्गिक खेल खेलने की छूट दी है। इस युवा बल्लेबाज ने महिला टी-20 विश्व कप में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। सोलह वर्षीय शेफाली ने अब तक टूर्नामेंट में 161 रन बनाए हैं और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने चार मैचों में 18 चौके और नौ छक्के लगाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 161 है।

शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को 34 गेंदों पर 47 रन बनाकर भारत को सात विकेट से जीत दिलाई। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा कि शेफाली को बड़े शॉट खेलना पसंद है और हम उन्हें रोकना नहीं चाहते। उन्हें आगे भी ऐसा खेल जारी रखना चाहिए। भारत अपने सभी मैच जीतकर सेमी फाइनल में पहुंचा है और कप्तान ने कहा कि विजय अभियान बरकरार रखना अहम है। उन्होंने कहा कि जब आप जीत दर्ज कर रहे हों तब लय बनाये रखना महत्त्वपूर्ण होता है। आप वास्तव में कड़ी मेहनत करते हैं इसलिए आप लय टूटने का जोखिम नहीं उठा सकते।

## राधा ने प्रदर्शन का श्रेय हिरवानी को दिया

मेलबर्न, 29 फरवरी (भाषा)।

भारतीय महिला टीम की स्पिनर राधा यादव ने श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप में करिअर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बाद इसका श्रेय गेंदबाजी कोच को दिया। राधा ने 23 रन देकर चार विकेट लिए।

बाएं हाथ की इस स्पिनर ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन का श्रेय नरेंद्र हिरवानी को दिया। उन्होंने कहा कि हिरवानी हमारे साथ पिछले साल वेस्ट इंडीज के दौरे के समय से हैं। उन्होंने निश्चित तौर पर मेरी गेंदबाजी पर काफी काम किया है। राधा ने कहा कि मैं जरूरत से ज्यादा सोचने लगती थी जिससे मेरे दिमाग में कई चीजें आ जाती थीं लेकिन उन्होंने मुझे सोच और दिमाग को स्पष्ट रखने में काफी मदद की।

भारतीय टीम ने लीग के सभी मैच जीत कर सेमी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और राधा ने उम्मीद जताई की आने वाले दिनों में वह और बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

## खबर कोना



एटीपी मेक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव को हराने के बाद राफेल नडाल।

### नडाल अकापुल्को टेनिस के फाइनल में, फ्रिट्ज से सामना

लॉस एंजिलिस, 29 फरवरी (एएफपी)।

विश्व के नंबर दो राफेल नडाल ने एटीपी मेक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर यहां अपने तीसरे खिताब की तरफ कदम बढ़ाया। नडाल 15 साल पहले यहां पहली बार चैंपियन बने थे। उन्होंने 2013 में दूसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया। इस टूर्नामेंट में उनका जीत हार का रेकार्ड 18-2 का है। शीर्ष वरीयता प्राप्त नडाल ने एक घंटे 41 मिनट तक चले इस मुकाबले को 6-3, 6-2 से अपने नाम किया। फाइनल में उनका सामना अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। गैरवरीय फ्रिट्ज ने एक अन्य सेमी फाइनल में हमवतन जॉन इसनर को 2-6, 7-5, 6-3 से हराया।

### एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर्स की मेजबानी से हटा बिशकेक

नई दिल्ली, 29 फरवरी (भाषा)।

किर्गिस्तान की राजधानी बिशकेक ने घातक कोरोना वायरस से बचाव के उपायों के तहत अगले महीने होने वाली एशियाई ओलंपिक कुश्ती क्वालीफाईंग प्रतियोगिता की मेजबानी करने से इनकार कर दिया। यह प्रतियोगिता 27 से 29 मार्च तक होनी थी। पहले इसका आयोजन झियान में होना था लेकिन कोरोना वायरस के फैलने के कारण इसे चीनी शहर से हटा दिया गया था। किर्गीस्तान सरकार ने इस महामारी को देखते हुए अगले नोटिस तक देश में सभी खेल प्रतियोगिताओं को रद्द करने का फैसला किया है। कुश्ती की विश्व संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्लूडब्लू) ने सभी एशियाई महासंघों को सूचित कर दिया है कि बिशकेक में इस टूर्नामेंट का आयोजन नहीं किया जाएगा।

### फुटबॉल दिल्ली सीनियर डिवीजन चैंपियनशिप रविवार से

नई दिल्ली, 29 फरवरी (भाषा)।

गत चैंपियन गढ़वाल हीरोज एफसी सहित 18 क्लब जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार से शुरू होने वाली फुटबॉल दिल्ली सीनियर डिवीजन चैंपियनशिप में शीर्ष सम्मान हासिल करने की कोशिश करेंगे। भाग लेने वाली टीमों को दो ग्रुप में विभाजित किया गया है जिसमें नौ-नौ टीमें हैं। गढ़वाल हीरोज अपने अभियान की शुरुआत रविवार को ग्रुप ए के मैच में सिटी एफसी के खिलाफ करेगी। तीस खिलाड़ियों की टीम सूची में चार विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं लेकिन एक मुकाबले में केवल तीन ही खेल सकते हैं।

## 'बल्लेबाजों ने हमारा काम आसान किया'

क्राइस्टचर्च, 29 फरवरी (भाषा)।

न्यूजीलैंड के मध्यम गति के गेंदबाज काइल जैमीसन को लगता है कि दूसरे टैस्ट के शुरुआती दिन भारतीय बल्लेबाजों के शॉट खेलने से उनका उद्देश्य पूरा हो गया। छह फुट आठ इंच लंबे जैमीसन ने अपने दूसरे ही टैस्ट में पहली बार पांच विकेट चटकाने का कारनामा किया।

जैमीसन ने कहा कि उन्होंने वेलिंगटन में जितने शॉट खेले थे, उससे ज्यादा इस बार इस पारी में खेले। मुझे लगता है कि पिच ने भी शायद ऐसा करने में उनकी मदद की। लेकिन मुझे लगता है कि इसी की वजह से हमें भी उन्हें आउट करने में मदद मिली। हेगले ओवल की पिच स्ट्रोक खेलने के लिए बेहतर है और इसलिए गेंदबाजों को सही लेंथ हासिल करने में थोड़ा समय लगा।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आप जहां गेंद पहुंचाने की कोशिश कर रहे हो, अगर वह सही जगह गई तो अच्छा है लेकिन अगर वह थोड़ी कम रह गई तो बल्लेबाज के लिए मुश्किल हो सकती है।

उन्होंने अच्छे शॉट खेले। जैमीसन ने कहा कि जब हमने ओवरपिच गेंदबाजी की तो उन्होंने इसे दूर तक खेला और जब हम वाइड से चूके तो उन्होंने इसे भी दूर तक खेला इसलिए बात सिर्फ क्रीज पर बने रहने की थी और मुझे लगता है जहां तक एकजुट प्रयास की बात है तो हम इसमें सफल रहे और हमारे लिए दिन अच्छा रहा।

**काइल जैमीसन ने कहा**

उन्होंने वेलिंगटन में जितने शॉट खेले थे, उससे ज्यादा इस बार इस पारी में खेले। मुझे लगता है कि पिच ने भी शायद ऐसा करने में उनकी मदद की। लेकिन मुझे लगता है कि इसी की वजह से हमें भी उन्हें आउट करने में मदद मिली।

## जैमीसन की गेंदबाजी से भारतीय टीम धराशायी

क्राइस्टचर्च, 29 फरवरी (भाषा)।

बल्लेबाजों के गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलने से भारत दूसरे और अंतिम टैस्ट की पहली पारी में 242 पर पर सिमट गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों ने जज्बा तो दिखाया लेकिन अपने शॉट को लेकर सतर्क नहीं रह पाए। आलम यह रहा कि कोई भी खिलाड़ी बड़ा स्कोर नहीं कर पाया।

**दूसरे टैस्ट मैच की पहली पारी में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी**

**पांच विकेट लेने वाले काइल जैमीसन ने चाय के विश्राम के बाद भारतीय पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई।**

साव ने हमलावर तेवर अपनाकर 64 गेंदों पर 54 रन बनाए वहीं पुजारा (54) ने अपना चिर परिचित धैर्य दिखाया। हनुमा विहारी (55 रन) ने भी गेंदबाजों पर हावी होने की रणनीति अपनाई। लेकिन विहारी के चाय के विश्राम से ठीक पहले आउट होने के बाद भारतीय पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई।

काइल जैमीसन (पांच विकेट) ने चाय के विश्राम के बाद भारतीय पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने दूसरे टैस्ट मैच में ही पांच विकेट लेने का कारनामा दिखाया। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी की अच्छी शुरुआत की और स्टंप उखड़ने तक बिना किसी नुकसान के 63 रन बनाए। टॉम लैथम और टॉम ब्लंडेल को भारतीय तेज गेंदबाज खास परेशान नहीं कर पाए।

पिच दूसरे और तीसरे दिन बल्लेबाजी के लिए अच्छी रहेगी। न्यूजीलैंड अगर इसका फायदा उठाता है तो फिर विराट कोहली और उनकी टीम पर दो मैचों की शृंखला 0-2 से गंवाने का खतरा गहरा जाएगा। घसियाली पिच पर तीन भारतीय बल्लेबाजों साव, विहारी और पुजारा ने दिखाया कि रन बनाना मुश्किल नहीं है। लेकिन इन तीनों ने ढीले शॉट खेलकर अपने विकेट इनाम में भी दिए।

ऋषभ पंत (12) ने जीवनदान मिलने के बावजूद ढीला शॉट खेला और गेंद उनके विकेट को थर्रा गई। भारत एक समय चार विकेट पर 194 रन बनाकर 350 रन तक पहुंचने की स्थिति में दिख रहा था लेकिन इसके बाद उसने छह ओवर और 22 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए।



पृथ्वी साव
64 गेंद 54 रन



हनुमा विहारी
70 गेंद 55 रन



चेतेश्वर पुजारा
140 गेंद 54 रन



टॉम ब्लंडेल

### स्कोर बोर्ड : भारत बनाम न्यूजीलैंड

**भारत पहली पारी :** पृथ्वी साव का लैथम बो जैमीसन 54, मयंक अग्रवाल पगबाधा बो बोल्ट 07, चेतेश्वर पुजारा का वाटलिंग बो जैमीसन 54, विराट कोहली पगबाधा बो साउदी 03, अंजिक्य रहाणे का टेलर बो साउदी 07, हनुमा विहारी का वाटलिंग बो वैगनर 55, ऋषभ पंत बो जैमीसन 12, रविंद्र जडेजा का बोल्ट बो जैमीसन 09, उमेश यादव का वाटलिंग बो जैमीसन 00, मोहम्मद शमी बो बोल्ट 16, जसप्रीत बुमराह नाबाद 10 गेंदबाजी : साउदी 13-5-38-2, बोल्ट 17-2-89-2, ग्रैंडहोम 9-2-31-0, जैमीसन 14-3-45-5, वैगनर 10-2-29-1

**न्यूजीलैंड पहली पारी :** टॉम लैथम खेल रहे हैं 27, टॉम ब्लंडेल खेल रहे हैं 29 गेंदबाजी : बुमराह 7-1-19-0, उमेश 8-1-20-0, शमी 7-1-17-0, जडेजा 1-1-0-0

## क्वितोवा और साबलेंका में होगा खिताबी मुकाबला

दोहा, 29 फरवरी (एएफपी)।

पेत्रो क्वितोवा ने तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मैच में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एश्ले बार्टी को हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला बेलारूस की आर्यना साबलेंका से होगा। दो बार की विंबलडन विजेता क्वितोवा ने बार्टी को 6-4, 2-6, 6-4 से हराया और अपने करिअर में 37वीं बार डब्लूटीए फाइनल में जगह बनाई। दोहा में वह दूसरी बार फाइनल में पहुंची हैं।

इससे पहले उन्होंने 2018 में खिताब जीता था। इससे पहले साबलेंका ने रूस की स्वेतलाना कुजनेत्सोवा को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

## आइपीएल के पहले हिस्से से बाहर हो सकते हैं ईशांत

क्राइस्टचर्च, 29 फरवरी (भाषा)।

ईशांत शर्मा के टखने की चोट के फिर से उभरने के चलते बीसीसीआइ को किरकिरी का सामना करना पड़ रहा है। चोट के चलते इस तेज गेंदबाज को आइपीएल के शुरुआती हिस्से से हटना पड़ सकता है। इसके लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के मुख्य फिजियो आशीष कौशिक भी सवालों के घेरे में आ गए हैं।



अगर इस तेज गेंदबाज को एनसीए में फिर से रिहैबिलिटेशन के लिए जाना पड़ेगा तो वह आइपीएल के शुरुआती हिस्से में नहीं खेल पाएंगे। ईशांत पहले टैस्ट से 72 घंटे पहले न्यूजीलैंड में भारतीय टीम से जुड़े थे और पांच विकेट चटकाने के लिए उन्होंने करीब 23 ओवर गेंदबाजी की। भारतीय टीम प्रबंधन उनके स्कैन के नतीजे पर चुप्पी साधे हुए है लेकिन बीसीसीआइ सूत्रों के अनुसार उनकी वही 'लिगामेंट' चोट फिर से उभर गई है जिसके लिए वह एनसीए में रिहैबिलिटेशन से गुजरे थे।

चोट के इस ताजा प्रकरण से बीसीसीआइ के अंदर भी कुछ सवाल उठ रहे हैं। बीसीसीआइ के एक अंदरूनी सूत्र ने सवाल किया, 'दिल्ली टीम के फिजियो ने ईशांत को स्कैन की रिपोर्ट के आधार पर छह हफ्ते के लिए क्रिकेट से बाहर कर दिया था क्योंकि इसमें ग्रेड 3 चोट थी। तो कौशिक और एनसीए टीम इस निष्कर्ष पर कैसे पहुंची कि उनके प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए तीन हफ्ते का समय काफी है।




**लक्ष्य** शनिवार को खेलो इंडिया विवि खेलों के दौरान भारत की स्टार धावक दुती चंद।

## मजूमदार के शतक से बंगाल संभला

रणजी ट्रॉफी

कोलकाता, 29 फरवरी (भाषा)।

अनुष्टप मजूमदार ने फिर से नाबाद शतकीय पारी खेलकर बंगाल को स्टार सुसज्जित कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमी फाइनल के शुरुआती दिन नौ विकेट पर 275 रन बनाने में मदद की।

शीर्ष क्रम चरमराने के बाद मजूमदार ने अकेले दम पर एक छोर संभाले रखा और अब तक 173 गेंद का सामना करते हुए 18 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 120 रन बना चुके हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी इसी तरह की अपने करिअर की सर्वश्रेष्ठ 157 रन की पारी खेली थी।

बंगाल को बल्लेबाजी का न्यौता मिला जो 13 साल के बाद फाइनल में पहुंचने की कोशिश में जुटी है। पहले दिन घरेलू क्रिकेट में डीआरएस (अंपायर समीक्षा प्रणाली) से पहला विकेट भी गिरा। अभिमन्यु मिथुन (65 रन देकर तीन विकेट) ने पारी की 16वीं गेंद पर अभिषेक रमन (शून्य) का विकेट झटका। भारत के घरेलू सर्किट में पहली बार डीआरएस का इस्तेमाल दोनों रणजी सेमी फाइनल में किया जा रहा है हालांकि इसमें हॉकआई, स्निकोमीटर या अल्ट्राऐज नहीं होंगे। बंगाल का प्रदर्शन ओड़ीशा के खिलाफ मैच की तरह रहा जिसमें उन्होंने पांच विकेट पर 46 रन से शानदार वापसी की थी। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (15) और मनोज तिवारी (08) खराब शॉट खेलकर पवेलियन लौट गए।

**275** रन बनाए बंगाल ने कर्नाटक के खिलाफ नौ विकेट गंवाकर



बल्लेबाजी के दौरान बंगाल के खिलाफ अनुष्टप मजूमदार और आकाश दीप।

**जैक्सन ने सौराष्ट्र की पारी को संभाला :** अनुभवी बल्लेबाज शेलडन जैक्सन की 69 रन की नाबाद पारी से राजकोट में खेले गए सेमी फाइनल में सौराष्ट्र ने गुजरात के खिलाफ पहले दिन 90 ओवर में पांच विकेट पर 217 रन बना लिए। गुजरात के कप्तान पार्थिव पटेल ने इस पांच दिवसीय मुकाबले में टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। उनकी टीम शुरुआती ओवरों में इसका फायदा नहीं उठा सकी। हार्विक देसाई (35) और किशन परमार (37) ने सौराष्ट्र को अच्छी शुरुआत दिलाई।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 105, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com